खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 22°C

बरेली, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकता: आनंदीबेन

पेज 2



बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया: लवलीना

खेल टाइम्स




पैरोल और फरलो: कानून है या विशेषाधिकार

सम्पादकीय




ब्रह्मोस की ताकत देख चौंक गए थे ट्रम्प

पेज 12

### हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

# टैरिफ वॉर पर प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौर की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं -शेष पृष्ठ दो पर



- टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा: हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता
- अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

### आप और भी बहुत कुछ देखेंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब एक बार फिर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रम्प ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। दरअसल, जब ट्रम्प से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे। आगे जब उनसे पूछा गया कि भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ की तरह ही क्या उनके पास चीन पर अधिक टैरिफ लागू करने की कोई समान योजना है? इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ऐसा हो सकता है।

# धराली त्रासदी: अब तक 274 का रेस्क्यू

## एक ऑफिसर व आठ जवान अभी भी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

- धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू
- सीएम धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 जवान लापता हैं।

वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

### CRPF की गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन जवानों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

### निकांत जैन के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन और गोल्डन ब्लॉसम के राजिंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित आईएएस अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन पर शिकंजा कसा है। निवेशकों से रिश्वतखोरी के मामले में ईडी का बड़ा एक्शन लिया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को निकांत जैन के लखनऊ विशाल खंड स्थित घर और ऑफिस समेत पांच जगह छापेमारी की है।

# राहुल का EC पर बड़ा हमला

## राहुल गांधी ने स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर खोली पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर एक घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। उन्होंने कहा कि वे लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से एक लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को -शेष पृष्ठ दो पर

- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा
- आरोपों पर चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा, लिखित में शिकायत करें राहुल
- छह महीने में सात फीट तक ऊंचे पेपर्स खंगाले, सबूत जुटाए
- राहुल की वीडियो को गुमराह करने वाला बताया



### राहुल गांधी के चुनावी धांधली के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की चुनावी जीत को 'फ्रॉड' यानी धोखा करार देकर बहुत ही गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान दिया है। जनता इसी तरह के व्यवहार और सोच के कारण लगातार कांग्रेस को नकारती रही है और आगे भी नकारती रहेगी। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी, जो अब नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ही फ्रॉड बता दिया, जो कि बेशर्मी की सारी हदें पार करता है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगा: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित नकदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी। पीठ ने कहा कि हमने माना है कि मुख्य न्यायाधीश और आंतरिक समिति ने तस्वीरें और वीडियो अपलोड (शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर) करने के अलावा पूरी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया था। अदालत ने आगे कहा कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भेजना (पद से हटाने के बारे में) असंवैधानिक नहीं था। पीठ ने यह भी कहा कि भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर आपके (न्यायमूर्ति वर्मा) लिए कार्यवाही शुरू करने का विकल्प खुला है। पीठ ने कहा कि आंतरिक प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। यह कोई समानांतर या संविधानेतर व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, क्योंकि उन्होंने आंतरिक जांच कार्यवाही में भाग लिया था।

**जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज की, कैश कांड में कार्रवाई को चुनौती दी थी**



# सच्चाई छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक देंगे पीढ़ियां रखेंगी याद: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने 559 करोड़ की 222 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 559 करोड़ रुपये की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबकि जिला मुख्यालय के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया। साथ ही जनसभा में सम्भल के तीर्थ और धार्मिक विरासत के संरक्षण, ऐतिहासिक अन्यायों और राजनीतिक विरोधियों पर तीखे वार किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कल्कि नगरी को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और श्रावण मास में परियोजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई दी। उन्होंने मंच से ही परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा, कांग्रेस का नाम लिए बगैर स्थानीय नेताओं पर जमकर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सुरक्षित हैं। अलबत्ता केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी में जो हो सकता है वह सम्भल में क्यों नहीं हो सकता। सम्भल जैसी सच्चाई को जिन्होंने छिपाने की चेष्टा की, उनको ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद करेंगी।

# चार लाख का इनामी आशीष मुठभेड़ में मारा गया

- बदमाश के पास से एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में यूपी पुलिस की एसटीएफ ने झारखंड के धनबाद निवासी शातिर अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू को एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर झारखंड सरकार ने चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आशीष रंजन मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसके पास से एके-47 के साथ-साथ भारी मात्रा में 9 एमएम की कारतूस और नौ एमएम की पिस्टल भी बरामद हुई है। करीब आधे घंटे तक हुई मुठभेड़ में आशीष रंजन को तीन गोलियां लगी, जिससे कि वह वहीं ढेर हो गया।

# पत्रकार के हत्यारे दो इनामी बदमाश ढेर

- उप्र के सीतापुर का चर्चित राघवेंद्र हत्याकांड

**सीतापुर।** उप्र में सीतापुर जिले के पिसावा क्षेत्र में पुलिस की एसटीएफ ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि चर्चित राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार हत्याकांड के एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाशों को गुरुवार को पिसावां पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। घायल बदमाशों को पिसावा अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया। जिला चिकित्सालय में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इनके पास से मुंगेर में निर्मित पिस्टल एवं कार्बाइन, बाइक के साथ बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार की हत्या के आरोपी हरदोई सीतापुर के मूवमेंट में है। सूचना मिलने पर पुलिस ने पांच टीमों का गठन करके इन्हें घेर लिया, लेकिन दोनों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनकी पहचान संजय उर्फ अकील खान ,राजू उर्फ रिजवान खान, निवासी अटवा थाना मिश्रिख के रूप में हुई।

# ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सख्त लहजे में कहा: कानून के दायरे में रहना होगा, मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई।

जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा कि प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**वाराणसी।** वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट के अपर मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को अधिवक्ता अशोक कुमार द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्या ने जनवरी 2023 में एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल पर साक्षात्कार के दौरान तुलसीदास जी और रामचरितमानस पर आपत्ति. जनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत कर याचिका दायर की गई थी, जिसमें केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कैंट थाना प्रभारी को आदेश दिया कि समुचित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना की जाए।

### दस मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अफसर कार्यालय बनेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना को मंजूरी दे दी है, जिनमें अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विन्ध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर शामिल है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रत्एक क्षेत्रीय कार्यालय में तीन पदों क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक की अस्थाई सृजन की अनुमति प्रदान की गई है, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। कुल 30 पद (प्रत्येक मण्डल के लिए तीन पद) सृजित किए जाएंगे, जिन पर नियमानुसार पदस्थापन किया जाएगा।

### यूपी में नदियों का जलस्तर घटने से फौरी राहत मिली

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में बारिश का दौर थमने के साथ ही नदियों के जलस्तर में गिरावट से फौरी राहत मिली है हालांकि बाढ़ग्रस्त इलाकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा गहराने लगहै।

लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, जालौन, बाराबंकी और प्रयागराज समेत कई जिलों में आज बादलों की आमद पिछले दिनों की अपेक्षा कम रही और धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी और कन्नौज समेत कई जिलों में गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई, हालांकि घाघरा और शारदा नदियों में कटान के चलते सैकड़ों एकड़

**घाघरा व शारदा नदी में कटान से कृषि भूमि पानी में समा रही**

कृषि योग्य भूमि पानी में समाई रही। प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गंगा और यमुना नदिया अब खतरे के निशान के नीचे पहुंच गई है।

बीते 24 घंटे में गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 155 सेंटीमीटर और छतनाग में 146 सेंटीमीटर कम हुआ है, जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 123 सेंटीमीटर कम हुआ है। यमुना नदी का जलस्तर 5.12 सेंटीमीटर प्रति घंटा और गंगा नदी का जलस्तर 6.45 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है हालांकि अभी भी दर्जनों मोहल्ले और गांव बाढ़ की चपेट में है। इन इलाकों में अभी भी नावें चल रही हैं अभी भी बड़ी संख्या में लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं, लेकिन जिस रफ्तार से जलस्तर कम हो रहा है। वाराणसी में केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर 4 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घटने लगा है। गंगा का जलस्तर आज 71.58 मीटर दर्ज किया गया।

### बिजनौर और अमरोहा के गांवों में गंगा का पानी घुसा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय होने से अमरोहा और बिजनौर के गांवों में गंगा का पानी बाढ़ के रूप में प्रवेश कर गया है। मेरठ के भी आठ गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। बिजनौर में बैराज के ऊपर से गंगा का पानी बहने से बैराज पर आवागमन बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश से बिजनौर जनपद के अलग-अलग जगह पर बाढ़ का पानी आ गया है। दिल्ली नेशनल हाईवे पर पानी आने से आवागमन बंद कर दिया गया है। दिल्ली-मेरठ-पौड़ी हाईवे पर वाहनों की रफ्तार बाढ़ के चलते रुक गई है। जिले की कई नदियां इस समय उफान पर हैं, जिससे जनपद के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है। एनडीआरफ की टीम बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को निकाल रही है और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रही है। जिले हेमराज, रावली, नवलपुर, बंगाली कॉलोनी, घासी वाला, चांदपुर नवाबाद, मोहम्मदपुर मंडावली, बाखरपुर, मुफरपुर केशव, शहजादपुर, ब्रह्मपुरी सहित कई अन्य गांव बाढ़ की चपेट में हैं। यहां पर 4 से 5 फीट पानी भरा हुआ है। जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में गंगा किनारे बसे गांव में नदी का पानी आबादी के बीच पहुंच गया है। रास्ते पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं।

# ट्रम्प का कदम विश्वासघाती संसद में हो चर्चा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा को विश्वासघाती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने इस चुनौती से निपटने के उपायों को लेकर संसद में विस्तृत चर्चा की सलाह केंद्र सरकार को दी है।

सुश्री मायावती ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया- ब्रिक्स देश ब्राज़ील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में 'अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी' बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का 'मित्र' देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमज़ोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, जिससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुए देश में पूरे अमन-चैन और कानून व्यवस्था के अच्छे माहौल के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करना ज़रूरी है। वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

# नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकता: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** नवाचार आधारित शोध को प्राथमिकता दिए जाने की वकालत करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। पटेल ने यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विश्वविद्यालयों में शोध गति. विधियों को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान की गुणवत्ता एवं उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आयोजित एक बैठक में कहा कि जब कोई विश्वविद्यालय किसी शोध परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो उसका विधिवत प्रस्तुतीकरण और स्क्रीनिंग होनी चाहिए, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए, जिससे उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके। जो भी फंड विश्वविद्यालयों को प्रदान किया जाता है, उसकी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को आगे बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। यदि कोई परियोजना अस्वीकृत की जाती है, तो विश्वविद्यालय को अस्वीकृति का कारण अवश्य बताया जाना चाहिए, ताकि वे आवश्यक सुधार कर परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर सकें। परियोजना की संकल्पना से लेकर उसकी स्वीकृति और पूर्णता तक निरंतर संवाद और समीक्षा की प्रक्रिया बनी रहनी चाहिए। राज्यपाल ने इस पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने पर बल दिया। परिषद और विश्व. विद्यालयों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग होना चाहिए।

# व्हाट्सएप और ई-मेल से नोटिस वैध नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने खारिज की आदेश में संशोधन की मांग वाली हरियाणा सरकार की याचिका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत व्हाट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आद. ेश में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम खुद यह विश्वास दिलाने में असमर्थ हैं कि ई-मेल और व्हाट्सएप जैसे इलेक्ट्रॉनिक संचार बीएनएसएस की धारा 35 के तहत सूचना तामील कराने का एक वैध तरीका है। बीएनएसएस में ऐसी प्रक्रिया को शामिल करना विधानमंडल की विधायी मंशा का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा राज्य ने याचिका दायर की थी। इसमें सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई और अन्य 2025 में पारित आदेश में संशोधन की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि बीएनएसएस 2023 की धारा 64(2) सिस्टम-जनरेटेड समन यानी ई-समन एप से संबंधित है। जबकि धारा 71 विधिवत हस्ताक्षरित, स्कैन और इलेक्ट्रानिक रूप से भेजे गए भौतिक समन से संबंधित है, इसलिए किसी वाटरमार्क सील की अलग से कोई आवश्यकता नहीं है। बीएनएसएस की धारा 35 के तहत एक नोटिस धारा 71 के तहत समन की ही श्रेणी में आता है और इसलिए इसे इलेक्ट्रानिक रूप से प्रेषित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि धारा 35 के तहत नोटिस की तामील इस मूल अधिकार की रक्षा के लिए की जानी चाहिए, क्योंकि नोटिस का पालन न करने से व्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ सकता है। बीएनएसएस 2023 को सीधे तौर पर पढ़ने पर पता लगता है कि विधानमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक संचार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। पीठ ने कहा कि बीएनएस की धारा 35 के तहत जारी नोटिस धारा 71 के तहत जारी समन की ही श्रेणी में नहीं आता है, क्योंकि धारा 71 इलेक्ट्रानिक माध्यम से तामील की अनुमति देती है। धारा 71 के तहत जारी समन और उसके गैर-अनुपालन का किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। जबकि धारा 35 के तहत जारी नोटिस का अनुपालन न होने पर व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। व्हाट्सएप या इलेक्ट्रानिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन हफ्ते के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।



**सेंसेक्स** 80623.26
**निफ्टी** 24596.15



**सोना रु.** 100904
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114505
प्रति किलो



# गिरावट से उबरा शेयर बाजार, बढ़त में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आखिरी दो घंटे में हुई लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.27 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,623.26 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी 21.95 अंक (0.09 प्रतिशत) की तेजी के साथ 24,596.15 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाए जाने के आदेश के बाद आज सुबह बाजार में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स 281 अंक की गिरावट के साथ 80.543.99 अंक पर खुला और दोपहर डेढ़ बजे के लुढ़क कर करीब 79,811.29 अंक पर पहुंचा गया था, लेकिन इसके बाद कम कीमत पर अचानक लिवाली शुरू होने से आखिरी दो घंटे में 80,737.55 अंक तक चढ़कर आखिरकार 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार पूरे दिन के दौरान सेंसेक्स में 926 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी.50 का ग्राफ भी लगभग ऐसा ही रहा। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,634.20 अंक और निचला स्तर 24,344.15 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 1.68 फीसदी, एचसीएल टेक ने 1.17 फीसदी और इटरनल ने 0.97 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईटीसी, सन फार्मा, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। अडानी पोर्ट्स में 1.55 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.06 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 0.85 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अडानी पोर्ट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में रियलिटी और गैस एवं तेल सेक्टरों में गिरावट रही जबकि अन्य सेक्टरों के सूचकांक सुबह की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और हरे निशान में बंद हुए।

### सोना 1,00,904 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 452 रुपए बढ़कर 1,00,904 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 1,00,452 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,020 रुपए बढ़कर 1,14,505 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,485 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,700 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं।

# पेरिस में आयोजित आईएफटीएम में शामिल होगा पर्यटन विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी 23 से 25 सितंबर तक फ्रांस की राजधानी पेरिस के पोर्टे डे वर्सेल्स में आयोजित होने जा रहे 'इंटरनेशनल एंड फेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम) टॉप रेसा 2025' में पर्यटन विभाग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने जा रहा है। इस आयोजन में पर्यटन सेक्टर को ग्लोबल मार्केट से जोड़ा जा सके।

इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटेंगे। 'इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट टॉप रेसा 2025' में छाने के लिए यूपी पर्यटन विभाग जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। यहां विदेशी आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैसे ओडीओपी उत्पादों और विविध संस्कृतियों की झलक दिखाई जाएगी। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कलाकृतियां और मंदिर वास्तुकला से सजा रचनात्मक सेट-अप होगा, जो आगंत. ुकों को सीधे आकर्षित करेगा। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि पर्यटन विभाग वहां अपने स्टॉल पर आकर्षक डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन और इंटरएक्टिव कियोस्क के जरिए उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के तौर पर दर्शाएगा। इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि इससे भारत और यूरोप के बीच नए व्यापारिक रिश्ते भी बनेंगे। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी यह उपयोगी होगा। अधिकारियों का कहना है कि हेरिटेज टूरिज्म, वेलनेस और आयुर्वेद, इको और ग्रामीण पर्यटन की विशिष्टताओं को प्रदर्शित कर विदेशी सैलानियों और निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष तैयारी कर रहा है। आयुर्वेद रिट्रीट, योग केंद्र और ग्रामीण होमस्टे जैसे अवसरों को पेरिस में आयोजित होने वाले इवेंट में विशेष रूप से हाइलाइट किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति के तहत निवेशकों को पूंजीगत सब्सिडी, भूमि आवंटन और आसान मंजूरी जैसे लाभ बताए जाएंगे, जो यहां के खंडहर हो रहे किले, महल और आध्यात्मिक स्थलों के विकास में मदद करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ वॉर...**

है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 7 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। वहीं 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। मोदी ने कहा कि स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो. एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहले सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने खुलकर हमें सुझाव दिए और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण इस पहल को जबरदस्त सफलता मिली। पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली सीधी सहायता ने छोटे किसानों को आत्मबल दिया है। पीएम फसल बीमा योजना ने किसानों को जोखिम से सुरक्षा दी है। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से दूर किया गया है। 10 हजार एफपीओएस निर्माण ने छोटे किसानों की संगठित शक्ति बढ़ाई है। ई-एनएएम की वजह से किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी हुई है।

**राहुल का....**

6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल गांधी ने कहा कि इस हिसाब से देखें, तो एक लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी। महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत।

शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। ये गड़बड़ियां इसलिए हैं, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया। राहुल गांधी ने बताया कि लाखों पेपर्स की मैनुअली चेकिंग के बाद हमने ये सबूत जुटाए हैं। अगर इन पेपर्स को एक गड्डी बनाकर रख दिया जाए ,तो यह 7 फीट ऊंचा हो जाएगा। सबूतों को जुटाने में करीब 6 महीने का वक्त लगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चुनाव आयोग ने जानबूझकर हमें नॉन मशीन रीडेबल पेपर्स मुहैया कराए, ताकि इन्हें मशीन से स्कैन न किया जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20(3)(बी) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके। वहीं, चुनाव आयोग (ईसी) ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की वीडियो को शेयर करते हुए इसे गुमराह करने वाला बताया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# खादर के कई गांवों में आबादी तक पहुंचा बाढ़ का पानी

## गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी, 200.90 मीटर पर पहुंचा गेज, प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने लगाई लेखपालों की ड्यूटी




गजरौला। ओसीता जगदेवुपर के अंडरपास मार्ग पर भरा बाढ़ का पानी।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गंगा में जलस्तर बढ़ने का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। यहां पर 25 सेमी की बढ़ोत्तरी के बाद जलस्तर का आंकड़ा 200.90 मीटर गेज पर पहुंच गया है। गंगा किनारे वसे गांवो की आबादी के करीब तक भी पानी पहुंचने लगा है, इस कारण लोगों ने अपने जरूरी सामान को आसपास की रिश्तेदारियों में भी भेजना शुरू कर दिया है। वहीं गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है। एसडीएम ने गांवो में लेखपालों की टीम लगाई हैं। वहीं तिगरी गंगा धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने से अंतयेष्टि भी कांकाठेर मार्ग पर होने लगी हैं तो वहीं ओसीता जगदेवपुर का अण्डरपास मार्ग भी पानी से भर गया है। वहीं बिजनौर बैराज से बृहस्पतिवार को भी 2.68 लाख क्युसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है जिससे आशंका है कि शुक्रवार की सुबह को भी जलस्तर में वृद्धि होगी।

बता दें कि तीन दिन पूर्व उत्तरकाशी में बादल फटा तो वहीं पहाड़ों पर लगातार बारिश हो रही है। जिससे नदियों का जलस्तर बढ़कर चल रहा है। हरिद्वार व बिजनौर स्थित बैराज से लगातार डाउन स्ट्रीम में पानी छोड़ा जा रहा है क्योंकि वहां पर क्षमता से अधिक पानी एकत्र हो रहा है। बैराज से आ रहे पानी का सीधा असर गंगा व सहायक नहरों में देखने को मिल रहा है। गंगा के साथ साथ रामगंगा पोषक नहर भी भरकर चल रही है। खादर क्षेत्र के गजरौला व धनौरा ब्लॉक के गांव तिगरी, शीशोवाली, दारानगर, सुल्तानपुर, मंदिर वाली भुड्डी, चकनवाला, कबीरपुर, कांकाठेर, ओसीता जगदेवपुर, टीकोवाली, पपसरी खादर, देवीपुरा, मुक. रमपुर, बिसावली, झुनपुरा आदि गंगा के किनारे स्थित हैं। जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की दुश्वारियों से यहीं के लोग सबसे ज्यादा जूझेंगे। इन गांवो के खेतों में कई कई दिन पानी भरा है, जिससे फसलें गलने की कगार पर हैं। किसान अपने पशुओं को सूखा चारा ही खिला रहे हैं। दारानगर, मंदिर वाली भुड्डी के बाद टीकोवाली में भी पानी पहुंच गया है, हालांकि अभी गांव में पहुंचे पानी की मात्रा कम है मगर जब गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है तो पानी खादर के अन्य गांवो की ओर भी रूख कर सकता है। यदि तिगरी गंगा धाम में जलस्तर के आंकड़ो की बात करें तो बुधवार को जलस्तर 200.70 मीटर गेज था, जो कि बृहस्पतिवार की दोपहर तक बढ़कर 200.90 मीटर पर पहुंच गया है। जबकि बैराज से 2.68 लाख क्युसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है, जिससे शुक्रवार को भी जलस्तर बढ़ने की आशंका है।

**समस्या**

**जलस्तर बढ़ने से खादर के गांवो की फसलें जलमग्न**

### दुकानों के चारों तरफ आया पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** गंगा धाम तिगरी में जलस्तर बढ़ने के बाद यहां पर अंतिम संस्कार करने में भी समस्या हो रही है। अब लोग कांकाठेर मार्ग पर सड़क किनारे अंतिम संस्कार कर रहे हैं। पुरोहितों की झोपड़ियां और अस्थाई दुकानें भी पानी से चारों ओर घिरी हुई हैं। वहीं जलस्तर बढ़ने से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। धनौरा एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ संभावित गांवों में लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है, वहीं ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे ट्यूब आदि के द्वारा आवागमन न करें। प्रशासन गांव के लोगों के साथ सम्पर्क में है। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को गंगा के जलस्तर में 25 सेमी की बढ़ौत्तरी के बाद जलस्तर 200.90 मीटर पर पहुंच गया है। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं और सभी बाढ़ चौकियां पूरी तरह से अलर्ट हैं। पैट्रोलिंग कराई जा रही है।

**गंगा के जलस्तर में लगातार दूसरे दिन 25 सेमी की बढ़ोत्तरी हुई। अब जलस्तर 200.90 मीटर गेज पर पहुंच गया है, तिगरी में खतरे का निशान 202.420 मीटर गेज पर है, मगर खादर क्षेत्र के कई गांवो में बाढ़ का पानी घुस चुका है। बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण आने वाले दिनों में स्थिति और भी मुश्किल हो सकती है, हालांकि प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। एसडीएम ने लेखपालों की टीम भी गांवो में लगाई हैं।**



### कांकाठेर मार्ग पर हो रहे अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। गंगा धाम तिगरी में जलस्तर बढ़ने के बाद चारों ओर पानी ही पानी है। पहले लोग अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार घाट के किनारे ही करते थे मगर बिजनौर बैराज से भारी मात्रा में डिस्चार्ज किए जा रहे पानी के कारण गंगा के जलस्तर में भारी वृद्धि हुई है। इस कारण तिगरी में गंगा उफान पर है। लोगों ने भी अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार तिगरी से कांकाठेर की ओर जाने वाले मार्ग पर करना शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को भी यहां पर कई मृतकों के अंतिम संस्कार हुए। जलस्तर घटने के बाद ही घाट किनारे अंतिम संस्कार हो सकेंगे।**

# प्रेम विवाह करने के बाद दहेज के लिए उत्पीड़न

### पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** प्रेम विवाह करने वाली युवती का दहेज के लिए ससुरा. लियों द्वारा उत्पीड़न किया गया। पति मांग पूरी न होने उसे मायके छोड़ आया। जबकि फोन पर जान से मारने की धमकी दी। पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मामला शहर कोतवाली के मोहल्ला मुरादाबादी गेट से जुड़ा है। यहां रहने वाली युवती अलीशा ने मोहल्ला अहमदनगर निवासी शहबाज के साथ 7 फरवरी 2025 को प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से दो लाख रुपये, 200 लोगों का खाना और दहेज का घरेलू सामान दिलाने का दवाब बनाते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर शाहबाज ने अलीशा को मायके छोड़ आया। आरोपी फोन पर गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने मामले की शिकायत शहर कोतवाली में की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में शहबाज, चांदनी, मुन्तजिम, कासिम व सुहेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# युवक ने धर्म छिपाकर हिन्दू युवती से रचाई शादी

### कार्रवाई की मांग को हिन्दू संगठनों ने चौकी घेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मुस्लिम युवक ने धर्म छिपाकर हिन्दू युवती से शादी कर ली। भेद खुलने पर कार्रवाई की मांग को युवती काफी देर तक चौकी पर जमी रही। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने वीडियो वायरल कर सीएम पोर्टल भेज दी। जानकारी मिलने पर चौकी पहुंचे हिन्दु संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव जमुना खास निवासी युवक कोहिनूर पंजाब के जालंधर में नौकरी करता था। आरोप है कि वहां उसने अपना नाम राहुल बताकर दूसरे संप्रदाय की एक शाद. ीशुदा महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद वह महिला और उसके दो बच्चे को अपने गांव ले आया। दरअसल, महिला के पति की तीन साल पहले एक हादसे में मृत्य हो गई थी, वह बेसहारा थी लिहाजा उसने कोहिनूर की बातों पर एतबार कर लिया। आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने निकाह करने की बात कही। महिला ने धर्म छिपाने के बारे में पूछा तो उसने मारपीट की। बाद में कोहिनूर महिला पर अपना धर्म अपनाने के लिए दवाब बनाने लगा। महिला ने विरोध किया तो उसने मारपीट की, नोएडा में छोड़कर भाग आया। करीब चार महीने पहले पीड़िता ने एसपी कार्यालय और नौगावां सादात थाने में तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी लेकिन मामले में पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद बुधवार को महिला दोनों बच्चों को लेकर जमना खास पुलिस चौकी पहुंची और आरोपी पर कार्रवाई की जिद लिए दो घंटे तक बैठी रही। इस दौरान पीड़िता ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंसाफ दिलाने की मांग की। धर्म परिवर्तन से जुड़ा मामला होने पर हिन्दू संगठन के लोग चौकी पहुंच गए, जमकर हंगामा किया। सीओ अवधभान भदौरिया भी चौकी पर आ गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में आरोपी कोहिनूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

**सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने पर हरकत में आई पुलिस, रिपोर्ट**



# कलयुगी बेटे ने बाप का बहाया खून

### नशे की हालत में बुरी तरह पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** कलयुगी नशेड़ी बेटे ने बाप पर हमला बोलकर उसके सर में दरांती मारते हुए उसे पूरी तरह से घायल कर दिया। बाद में पिता पुत्र ने नशेड़ी को बुरी तरह से पीट दिया।

जिस बेटे को पत्नी की मौत के खून पसीना बहा कर पर परवरिश की। जिसकी आंखें भी ठीक से नहीं खुली थी। उसी बेटे ने बाप का खून बहा दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां निवासी अमरपाल की पत्नी की 25 साल पहले मौत हो गई थी। उस समय अमरपाल का छोटा बेटा जोगिंदर 3 महीने का ही था। अमरपाल ने उसकी परवरिश की थी। लेकिन जोगिंदर नशेड़ी बन गया। 2 दिन पहले जोगि. ंदर ने खेत में खड़े पोपलर के पेड़ों को बेच दिया था। 2000 बयाने में ले लिए थे। जब अमरपाल को इस बारे में पता चला तो उसने बेटे से 2000 मांग लिए थे। इसी बात को लेकर उनमे कहा सुनी हो गई। नशेड़ी अमरपाल ने अपने पिता के सर में दरांती मार कर उनका खून बहा दिया। जब बड़े बेटे राजेश ने पिता का सर फटा हुआ देखा तो उसके खून खोल उठा। अमरपाल व बड़े पुत्र राजेश ने मिलकर नशेड़ी जोगिंदर की जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। दोनों घायल कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने उनको मेडिकल के लिए भेज दिया। जोगिंदर की हालत नाजुक होने पर उसे हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# गंगानहर पुल की एप्रोच पर टक्कर मार रही धार

### टापू पर बसे गांवों के चारों ओर भरा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** उफनाई गंगा में बढ़ा हुआ पानी टापू में बसे गांव के चारों ओर होने से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है।

तहसील क्षेत्र का गांव गंगानगर गंगा टापू के बीच में बसा हुआ है। इस समय गंगा में भीषण बाढ़ आई हुई है। उफनाई गंगा की तेज धार को देखकर जिस्म में सीहरन दौड़ रही है। बुधवार की रात से टापू में बसे गंगानगर के चारों ओर बाढ़ का पानी तेजी के साथ बढ़ रहा है। हालांकि अभी पानी गांव के भीतर नहीं घुसा है। लेकिन जिस तरह में लगातार पानी बढ़ रहा है। उससे उम्मीद की जा रही है कि पानी गांव के भीतर घुस सकता है। बढ़े हुए पानी को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। गंगानगर पुल की एप्रोच पर गंगा की तेज धार टक्कर मार रही है। इसको देखकर प्रशासन ने गंगानगर पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश को वर्जित कर दिया है। बाढ़ खंड ने खतरे को भाँपते हुए 30 से 35 हजार मिट्टी के कट्टे भरकर एप्रोच को बचाने के लिए लगाये हैं। लेकिन खतरा अभी भी बना हुआ है। 2 साल पहले गंगा की तेज धार ने पुल की एप्रोच को काट दिया था। जिसके चलते कई महीने तक गंगा पुल को बंद कर दिया गया था। गंगा की खौफनाक धार को देखकर मजदूर रात दिन काम में लगे हुए हैं। अधिकारी पल-पल की जानकारी लेने में लगे हुए हैं। गंगा का जलस्तर बढ़कर तट बंद तक पहुंच चुका है। तट बांध से सटकर बसे ग्रामीणों के सामने पशुओं के लिए चारा लाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। कुछ स्थानों पर ग्रामीण चारपाई पर बैठकर पशुओं के लिए चारा काट रहे हैं। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया गंगा में बढ़ रहे जल के बारे में पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है।

# जुआ हारने पर पुलिस को दी लूट की झूठी सूचना

### आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** लुट होने की झूठी सूचना पर पुलिस ने दौड़ लगा दी। जुएं में रुपया हारने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही थी।

गुरुवार की रात 10:30 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी आसिफ पुत्र नन्हे ने कोतवाली पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उसके साथ 4 लाख 60 हजार रूपये की लूट हो गई है। इतनी मोटी रकम की लूट होने की खबर मिलने से पुलिस महकमें में अफरा तफरी अपनी मच गई। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। पूछताछ करने पर पुलिस को आसिफ पर शक हो गया। कोतवाली लाकर जब पुलिस ने आसिफ के साथ कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने पुलिस को बताया कि वह कोतवाली क्षेत्र के गांव तीसरे मिल पर हो रहे जुएं में रकम को हार गया है। जब तक आरोपी ने यह नहीं कबूल किया की वह रकम को जुएं में हार गया है। तब तक कोतवाली पुलिस घंटों तक हलकान बनी रही। पुलिस लूट की झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही थी। हसनपुर क्षेत्र के कई गांवों में जुआ कराया जा रहा है। अब तक जुआ हारने के कई अपनी जान दे चुके हैं। वहीं महिलाओं के साथ भी जुआरी जुआ हारने के बाद जारी मारपीट करते हैं। ग्रामीण पुलिस से जुआ कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर चुके है। लेकिन इस ओर को अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

# मनमोहक राखियां बना बच्चों ने जीता दिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** राखी बनाओ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगे के रंग में रखी बनाकर सभी का मनमोह लिया।

एएसएम जूनियर हाईस्कूल जगुवा खुर्द में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने तिरंगे के रंग में मनमोहक राखियां तैयार की। प्रधानाचार्य चारू वार्ष्णेय ने बच्चों को प्रशंसा करते उनकी हौंसला अफजाई की। प्रबंधक डा. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नौ दिन बाद जिंदगी की जंग हार गया युवक

### मेरठ के अस्पताल में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** नौ दिन पूर्व फांसी के फंदे पर झूले युवक की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का का नंबर चार के एक गांव में 29 जुलाई को रात के समय एक युवक फांसी के फंदे पर झूल गया था। युवक की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। युवक ने गृह क्लेश के चलते फांसी लगाई थी। परिजनों के द्वारा गंभीर हालत में युवक को नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बुधवार की देर रात 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जैसे ही युवक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परि. जनों के द्वारा बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे एक साथ वर्षीय बेटा व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि इस मामले में कोई जानकारी नहीं है अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# खाद की किल्लत दूर न हुई, तो आंदोलन

### भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** भाकियू लोक शक्ति ने एसडीएम को ज्ञापन सोंप जिले में चल रही खाद की किल्लत दूर करने व नीचे लटक रहे विद्युत तारों को बदलवाने की मांग की।

गुरूवार को भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग करते कहा कि जिले में इस समय खाद की किल्लत चल रही है जिसे दूर किया जाये। सभी किसानों को गन्ने का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये। ग्रामीण क्षेत्र में जो विद्युत लाइन नीचे लटकी है उन्हें बदलवाया जाये। अवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं तथा लोगों की जान ले रहे हैं। इन्हें पकड़वाकर पशुशाला भिजवाया जाये। वन विभाग द्वारा उत्पाती बंदरों को पकड़वाकर कहीं दूर छोड़ा जाये। मांसाहारी दूध के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाये। जो लोग पीएम आवास योजना के पात्र हैं उन्हें आवास दिलाया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव, सुभाष यादव, चरन सिंह, अतीक, परम सिंह, सलमान खान, मोहम्मद असलम, राजपाल, मकसूद, इसरार, शमीम, यामीन, सज्जाद हुसैन, मुजाहिद हुसैन, सुरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।



# फर्जी कागज तैयार कर बेचते थे चोरी की कारें

## ऐप मार्केट प्लस के माध्यम से करते थे खरीद-फरोख्त, वकील साहब भी निकले गैंग में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस व सर्विलांस टीम ने चोरी की कार के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। यह गैंग फर्जी कागज तैयार कर वाहनों की खरीद फरोख्त करता था। कई जिलों में गिरोह के सदस्यों के खिलाफ बीस से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

गजरौला के मुहल्ला सरस्वती विहार निवासी गौरव सिद्धू की कार 31 जुलाई को चोरी हो गई थी। यह कार उन्होंने फेसबुक पर संचालित एप मार्केट प्लेस के माध्यम से विश्वेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति से खरीदी थी। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। गजरौला पुलिस के साथ ही एसओजी व सर्विलांस टीम ने इस मामले में गुरुवार सुबह हाथरस व मथुरा के पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों में शुभम प्रताप सिंह व विवेक सिंह निवासी गांव औरंगाबाद थाना सदर जनपद मथुरा, छोटू चौधरी निवासी

### एसपी ने किया खुलासा

गदाई थाना मुरसान, अजीत निवासी शेरपुर थाना सादाबाद, अजीत उर्फ लक्की निवासी गांव मढाका थाना सहपऊ जनपद हाथरस शामिल हैं। जबकि उनका एक साथी रोहित निवासी गिरसौटी थाना सादाबाद जनपद हाथरस फरार हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि 20 दिन पहले यह कार अजीत ने विश्वेंद्र से खरीदी थी। परंतु अपने नाम ट्रांसफर नहीं कराई थी। उसका आधार कार्ड भी ले लिया था। बाद में विश्वेंद्र के आधार कार्ड में संधोशन कर शुभम का फोटो लगा दिया तथा कार को बेचने के लिए एप पर डाल दिया। शुभम ने विश्वेंद्र बनकर गजरौला के गौरव को कार 4.80 लाख रुपये में खरीदी थी। आरोपितों ने एक चाबी गौरव को देकर एक अपने पास रख ली थी। जब कार का पंजीयन ट्रांसफर कराते तो दूसरी चाबी देने की बात तय हो गई थी। अब आरोपितों ने गौरव के घर के बाहर से कार चोरी कर फिर से उसे बेचने के लिए एप पर डाल दिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि यह गैंग आधार कार्ड के साथ ही वाहनों के फर्जी प्रपत्र भी बनाने का काम करता है। इनके विरुद्ध जनपद हाथरस, बुलन्दशहर, मथुरा, अमरोहा में वाहन चोरी, धोखाधडी के लगभग 20 अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि आरोपित विवेक अधिवक्ता है। उनके फरार साथी की तलाश की जा रही है



अमरोहा। कार चोर गैंग का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# मुम्बई में मजदूरी करने गए युवक की मौत

## फैक्ट्री में आग लगने से झुलस गया था



**हसनपुर।** मजदूरी करने मुंबई गये युवक की फैक्ट्री में आग लगने से झुलस जाने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ला रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा 18 वर्षीय युवक अंकित पुत्र गोविंदा मुंबई के कुफरी बाड़ा जिला पालघर स्थित एक फैक्ट्री में दो अगस्त को आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी बुधवार देर शाम इलाज के दौरान मुम्बई के अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत की खबर से परिवार में को. हराम मच गया है। अंकित लगभग एकमाह पूर्व ही गांव के एक युवक के साथ मुंबई की जीत पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में काम करने गया था। जबकि रहरा थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी परसोत्तम पुत्र सीताराम 15 दिन पहले ही फैक्ट्री में काम करने के लिए मुंबई गया था। दो अगस्त को फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर अंकित,व परसोत्तम बुरी तरह झुलस गये। दोनों घायलों को तुरंत मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी अंकित को बचाया नहीं जा सका तथा उसकी मौत हो गई। जबकि पुरुषोत्तम का इलाज मुंबई के अस्पताल में चल रहा है। बुधवार को उसकी मौत हो गई। अंकित की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख-पुकार मच गई। उसकी मां हीरावती और पांच बहन-भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है। अंकित अपने 6 बहन-भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं।

# लक्ष्य निर्धारित कर जुनून के साथ करें हासिल

## समाज से अंधविश्वास दूर करता विज्ञान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे जुनून के साथ हासिल करना चाहिये। आज के दौरान में विज्ञान समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने में काफी सहायक रहा है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज में वैज्ञानिक डा. प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयंती के मौके पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार ने किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि आज विज्ञान ने काफी तरक्की कर ली है। दुनिया ही नहीं बल्कि चांद तक मानव अपनी गतिविधियां लगातार दर्ज करा रहा है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा नाटक के माध्यम से समाज में फैले अंधविश्वास पर कटाक्ष किया तथा संदेश दिया कि विज्ञान के माध्यम से इसे किस तरह दूर किया जा सकता है। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। डीआईओएस ने छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडल की प्रशंसा करते इंस्पायर योजना में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कलक्ट्रेट पर गरजी भाकियू

## भ्रष्ट अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। तहसील में इसका आलम यह है कि बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू(शंकर) ने कलक्ट्रेट में धरना दिया। जिसे संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों व आम जनता के लिये कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। परन्तु भ्रष्टाचार के कारण इनका लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण की जाती है उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। गन्ना मूल्य भुगतान पर 15 प्रतिशत ब्याज की दर से धनराशि दी जाये। मनमानी करने वाली मिलों पर सख्त कार्रवाई हो। तहसील से भ्रष्टाचार दूर किया जाये। गंगाधाम तिगरी




में विद्युत शवदाह गृह का निर्माण शीघ्र कराया जाये। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह को सौंपा। धरना देने वालो में नेपाल सिंह, विक्रम सिंह, राकेश, मोनू, सत्येंन्द्र सिंह, नरेश, रामपाल सिंह, वीर सिंह, सरेन्द्र, सनी चौ., शिवांशी यादव, मंजू शर्मा, सतवीर सिंह, ओंकारी, नीरज, अशोक, निसार अहमद, मौजूद रहे। अध्यक्षता धर्मवीर सिंह, संचालन सत्यवीर सिंह ने किया।

# आम के हरे भरे पेड़ों पर चला आरा

## हसनपुर में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वन विभाग की अनुमति के बिना माफियाओं ने आम के हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें काट दिया। वन विभाग पेड़ काटने वालों से जुर्माना वसूलने की तैयारी कर रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर के जंगल में बीती रात माफियाओं ने चार आम के हरे भरे पेड़ों को काट दिया। सुबह होने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया आम के हरे पेड़ काटने की सूचना मिली थी। टीम को मौके पर भेजा गया था। चार आम के पेड़ काटे जाने की सूचना है। हरे पेड़ काटने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हसनपुर क्षेत्र में माफिया रात के अंधेरे में आम के हरे भरे पेड़ों का कटान कर रहे हैं। सुबह होने पर जब लोग पेड़ गायब देखते हैं तो इसकी सूचना वन विभाग को देते हैं। यदि इसी तरह आम के हरे-भरे पेड़ों का कटान किया जाता रहा तो हसनपुर क्षेत्र से हरियाली लगभग गायब सी हो जायेगी।

# ईद मिलादुन्नबी पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा

## मुस्लिम कमेटी ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी की बैठक में ईद मिलादुन्नबी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों ने रसूले खुदा की यौमे विलादत का जश्न शान-ओ-शौकत से मनाने को लेकर चर्चा की।

बुधवार रात शहर के मोहल्ला बाजार रज्जाक स्थित मदरसा रशीदिया में आयोजित बैठक में कमेटी अध्यक्ष इकबाल अहमद खां ने कहा कि आगामी माह रबी-उल-अव्वल के 17 दिवसीय कार्यक्रम पूरी तैयारी के साथ आयोजित किए जाएंगे। पदाधिकारियों के साथ राय-मशवरा करते हुए बताया जलसों में विख्यात आलिम-ए-दीन बुलाए जाएंगे। नातिया मुशायरा, इस्लामिक सेमिनार, महिला कांफ्रेंस भी आयोजित की जाएगी। जुलूस मुहम्मदी शान-ओ-शौकत से निकाला जाएगा, सभी से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान आसिफ कुरैशी, हाजी नासिर




सिद्दीकी, हाजी इकरार अहमद, अंसारी, डा. नज्मुन्नबी, नईम उल हक, पूर्व पालिकाध्यक्ष अफसर परवेज, डा.अमीन उल हक, आरिफ मलिक, अतहर जमाल, एजाज अहमद, रियाज मंसूरी, हाजी नसीम अहमद आदि मौजूद रहे। संच. ालन अधिवक्ता मुराद आरिफ ने किया।

# त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें

## थानों में अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं।** एक ओर जहां रक्षाबंधन की मिठास, चेहलुम की संजीदगी और जन्माष्टमी की उल्लासमयी तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं प्रशासन ने भी मोर्चा संभाल लिया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को लेकर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की एक अहम बैठक की अध्यक्षता की।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने दो टूक कहा, त्यौहारों की खुशियां तभी सार्थक हैं जब समाज में अमन बना रहे। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वहीं, सीओ अंजलि कटारिया ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी और लोगों से अपील की कि किसी भी विवादास्पद पोस्ट से बचें। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, प्रमोद कुमार समेत धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, सभासद व नगरवासी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन के लिए सजीं राखियों की दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाई बहन के प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन के लिए नगर में कई स्थानों पर राखियों की दुकानें सजी हुई हैं। यहां से बहनें अपने भाईयों की कलाई पर बांधने के लिये राखियां खरीद रही हैं। वहीं बच्चों को लुभाने के लिये तरह तरह के कार्टून और सुपरहीरोज की राखियां मिल रही हैं। नगर के इंदिरा चौक स्थित श्री राम मार्केट, बुध बाजार रोड, चौपला, बस्ती हर जगह राखियों की तमाम दुकानें लगी हैं। यहां पर राखियों की खुब बिक्री हो रही है। दूर दराज में रहने वाले अपने भाईयों को बहनें डाक अथवा कूरियर के माध्यम से भी राखियां भिजवा रहीं हैं इस कारण बृहस्पतिवार को डाकघर में भी राखियां भेजने के लिये बहनों की



काफी भीड़ रही। वहीं बहनों ने अपने भाईयों के यहां जाने का सिल. सिला भी शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बहनों को रोडवेज बस में आवागमन के लिये निशुल्क टिकट की व्यवस्था की है तो वहीं ट्रेनों के माध्यम से भी बहनें अपने भाईयों के घर पर जाने लगी हैं। शुक्रवार को आवागमन में भीड़ काफी बढ़ जाएगी। वहीं रक्षाबंधन पर्व पर बाजारों में उमड़ रही बहनों की भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। थाना पुलिस, महिला पुलिस समेत 112 डॉयल पुलिस ने राखी बाजारों पर गश्त की। पिकेट पर भी पुलिस तैनात रही।

## गजरौला व महेशरा में हुए हादसे

# ट्रेन से कटकर दो श्रमिकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार की रात को गजरौला व महेशरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर दो श्रमिकों की मौत हो गई। एक श्रमिक अपने परिवार के युवकों के साथ मेहनत मजदूरी करने गुजरात जा रहा था तो वहीं दूसरा श्रमिक महेशरा में रेलवे स्टेशन पर ठेकेदार के अंडर में काम करता था। बताया जाता है कि दोनों घटनाओं में मात्र तीन साढ़े तीन घंटे का समय ही लगा। बीते दिन भी महेशरा रेलवे स्टेशन के नजदीक ही एक 35 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी, हालांकि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के स्योहरा कस्बे के मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी जीशान (35) पुत्र शमशाद बीती रात अपने परिवार के युवकों के साथ गुजरात में मेहनत मजदूरी करने के लिये निकला था। रात को वह ट्रेन पकड़कर पहले दिल्ली और दिल्ली से फिर गुजरात जाते। करीब 11 बजे जीशान ट्रैक पार कर रहा था कि इसी बीच रनथ्रू गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि जीशान व उसके साथियों को ट्रेन आती हुई भी दिखाई दी थी मगर उसने सोचा कि वे ट्रैक पार कर लेंगे। वहीं एक दूसरी घटना में भी ट्रेन की चपेट में आने से श्रमिक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार महेशरा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक आदि पर होने वाले कार्य में बिहार के जिला पूर्णिया के थाना कसवा क्षेत्र के गांव दनखनिया मसौढ़ी निवासी रमेश ऋषि (25) पुत्र डोमन ऋषि ठेकेदार के अंडर में करता था। रात को श्रमिक लोग प्लेटफार्म पर ही सोते हैं। बताते हैं कि करीब दो बजे वह लघुशंका ट्रैक के पास लघुशंका कर रहा था कि इस दौरान रनथ्रू ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव नैन ने बताया कि दो घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हुई है, जिनके शव पोस्टमार्टम को भेजे गए हैं।

## एक नजर

### छात्राओं ने थाने में मनाया रक्षाबंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को सेवा और सामाजिक सरोकार की नई परिभाषा देते हुए स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को धनौरा थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ अनोखे अंदाज में रक्षाबंधन मनाया। विद्यालय की शिक्षिका रुही चौधरी के नेतृत्व में बच्चों का दल थाने पहुंचा, जहां उन्होंने पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।स्कॉलर्स होम स्कूल की इस पहल ने रक्षाबंधन को सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का पर्व बना दिया।

### ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत में दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बाइक एवं ट्रैक्टर की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बुधवार की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी रोहित पुत्र महेंद्र एवं हिमांशु पुत्र विक्रम बाइक से किसी कार्य के लिए नगर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के निकट पहुंची तो नगर की दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। राहगीरों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### सभासदों ने पालिका के बाहर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता, बछरायूं।** सभासदों ने पानी की निकासी, राशन कार्ड व प्रधानमंत्री आवास में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना दिया। गुरूवार को सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, राशन कार्ड बनाने व प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता लाने की मांग की। सभासदों ने कहा कि उनकी मांगों को समय रहते पूरा किया जाये। धरना देने वालों में सभासद शब्बीर अहमद, सरफराज, सोफिया, संजीव फरहाना, कासिम, अरशद, कुंता देवी व दानिश शामिल रहे।



# पुलिस ने कांग्रेसियों को किया नजरबंद

## संभल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मुख्यमंत्री के संभल में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस का पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान के मुख्यमंत्री जी से मिलना चाहता था। लेकिन संभल जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री से मिलने नही दिया। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि जिला प्रशासन ने जबरदस्ती गैर कानूनी तरीके से जिलाध्यक्ष और उनके साथियों को 6 अगस्त की रात्रि से ही ही घर में डिटेन कर दिया।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र का राज नहीं है। प्रजातंत्र का राज नहीं है सरकार संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं चल रही है सरकार बल प्रयोग करके विपक्ष की आवाज को दबा रही है हम विपक्ष के लोग जन समस्याओं के तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं तो सरकार समस्याओं के समाधान करने के बजाये विपक्ष के लोगों को जबरदस्ती घरों में नजर बंद कर रही है। उन पर मुकदमे लगा रही है जेल में डाल रही है लाठी चार्ज कर रही है। मुख्यमंत्री से मिलना कोई अपराध नहीं है। यह उत्तर प्रदेश के रहने वाले प्रत्येक नागरिक का अधिकार है कि वह अपनी समस्या मुख्यमंत्री को अवगत करा सकता है। इस अवसर पर जिला सचिव राजपाल सैनी मनोज कटारिया हरस्वरूप प्रधान अफसर अली सैफी मौजूद रहे।

# कुंवर गांव में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताल मानकों को दरकिनार करते हुए किए जा रहे ऑपरेशन

## आपरेशन और नार्मल डिलीवरी मरीजों से वसूला जा रहा मोटा पैसा

## नोटिस के नाम पर स्वास्थ्य विभाग कर रहा खानापूर्ति









**अजीत कुमार शर्मा, शाह टाइम्स**

**कुंवर गांव ।** कस्बे में फर्जी अस्पताल और झोलाछापों की भरमार है झोलाछापों द्वारा लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस देकर कार्यवाही के नाम पर अस्पताल संच. ालकों व झोलाछापों से मोटी रकम वसूली ली जाती है उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती है इसलिए अवैध अस्पताल संचालकों का धंधा खूब फल फूल रहा है । कस्बे में झवरा की पुलिया के पास गुरुनानक हास्पिटल नाम से एक अस्पताल संचालित हो रहा है जहां न तो कोई डिग्री धारक डाक्टर बैठता है और न ही वहां कोई महिला सर्जन डाक्टर, हास्पिटल के बाहर डाक्टरों का पैनल बोर्ड लगाकर विभाग व मरीजों को गुमराह किया जा रहा है जहां कोई प्रशिक्षित डाक्टर नहीं बैठता है। अस्पताल संचालक द्वारा इसका नाजायज फायदा उठाकर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जहां मरीज से नार्मल डिलीवरी के 10 हजार रुपए व आपरेशन के 22 हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं । अस्पताल पर हर रोज लगभग आधा दर्जन नार्मल डिलीवरी व आपरेशन किए जा रहे हैं। कस्बे में एक सप्ताह पहले सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पटेल द्वारा आधा दर्जन झोलाछापों को नोटिस दिए गए थे जिनपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं है चर्चा है कि रुपए लेकर मामला निपटा दिया गया।

# डीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को प्रशासनिक व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील सहसवान के ग्राम नगला खागी, ग्राम भमरौलिया व ग्राम गिरधारी नगला का निरीक्षण किया।

उन्होंने बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए ग्राम वासियों को आश्वस्त किया कि उनको किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिलाधिकारी ने ग्रामों में संचालित स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामवासी को उचित दवाएं व उपचार उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की फसल बीमा कराया जाए तथा फसल से हुए नुकसान का आकलन भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने प्रभावित लोगों को खाद्य सामग्री का वितरण कराने के लिए तहसील के अधिकारियों व खाद एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों व बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम वासियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम वासियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी अगर उन्हें कोई अपनी सूचना देनी है या कोई सहायता चाहिए तो वह सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित आई0 सी0 सी0 सी0 के कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम खागी नगला में 113 परिवार व कुल जनसंख्या 478 है। ग्राम भमरौलिया में 28 परिवार व कुल जनसंख्या 86 है वही गिरधारी नगला में 73 परिवार व कुल जनसंख्या 280 है। उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे हैं तथा खाद्य सामग्री का वितरण प्राथमिकता पर किया जाएगा।

# बाढ़ से प्रभावित गन्ना क्षेत्रफल के लिए किसानों को दिए सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बाढ़ से प्रभावित गन्ना क्षेत्रफल के लिए जिला गन्ना अधिकारी ने शासन से प्राप्त सुझावों के क्रम में जनपद के किसानों को बताया कि जिन खेतों में लगातार बारिश के कारण पानी भर गया है और आसपास में जल निकासी संभव है, उनमें जल निकासी के तत्काल प्रयास किये जायें और गन्ना किसानों को इसके लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश से मिट्टी के मुलायम होने एवं हवा के प्रभाव से जिन क्षेत्रों में गन्ना गिर गया है या गिरने की सम्भावना है, उन क्षेत्रों में गन्ने के गिरने के 24 झण्टे को अन्दर पुन: खड़ा करके बंधाई कराने के प्रयास किये जाये। बसन्तकालीन गन्ना बआई में नुकसान की ज्यादा संभावना को देखते हुए।

स्रोत से पानी उतरने के बाद इसमें कर्कान्डाजिम या थायोफिनेट मिथाइल 01 लीटर तथा एन.पीयो. 05 कि.ग्रा. 800 से 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से पौधे की बढ़वार बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि किसानों को किसी भी अपरिहार्य स्थिति में सहायता हेतु ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बदायूँ, (मो.न.-7081202506) व सचिव प्रभारी, सहकारी गन्ना विकास समिति लि.. बदायूँ (मो.न. -7081202326) एवं चीनी मिल बिसौली के महाप्रबन्धक गन्ना (मो. न. -9115522779) तथा बदायूँ के मुख्य गन्ना अधिकारी (मो.न. -7017040873) पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने चीनी मिल न्यौली एवं बिसौली के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि फील्ड में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए बाढ़ के सम्बन्ध में कृषकों से वार्ता कर बाढ़ से फसल को बचाने का उपाय बतायें तथा प्रभावित क्षेत्र का वास्तविक आंकलन भी करा लें।

# सघन एड्स जागरूकता अभियान की हुई बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2025 के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं की अध्यक्षता में किया गया।

, जो कि 12 अगस्त से अगले 2 माह तक पूरे जनपद में चलाया जायेगा जिसमें 12 अगस्त 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं के कार्यालय से एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सघन एच आईवी एड्स सघन जनजागरूकता अभियान का माइक्रोप्लान बनाकर सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीयों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए स इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स) द्वारा जनपद में एचआईवी एड्स होने के कारण, जाँच,उनसे बचाव एवं इलाज के बारे में विस्तार से बताया गया स 12 अगस्त से अगले 2 माह तक कुल 12 तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें जनपद स्तरीय समन्वय बैठक, आई सी सी सामग्री मुद्रण, ग्राम पंचायत स्तरीय बैठकें, डोर टू डोर कैंपेन, निजी महाविद्यालयों में जागरूकता सत्र, फ्लैशमाब, स्कूल आउटरीच प्रोग्राम, जागरूकता रैली, जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष कैंप, लोक कला कार्यक्रम, कामगारो व अन्य क्लोज सेटिंग में जागरूकता सत्र,नशा मुक्ति केंद्रों एवं जुवेनायल होम्स में जागरूकता सत्र का आयोजन किया जायेगा स बैठक में समस्त स्टेक होल्डर विभाग /अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, युवा कल्याण विभाग, एनएसीपी, कार्मिक, क्षय रोग विभाग, कार्मिक हेपेटाइटिस कण्ट्रोल प्रोग्राम सहित समस्तमहत्वपूर्ण अधिकारीयों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता हुई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में अंतर सदन राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिसकी प्रभारी शिक्षिका शारदा बवेजा रहीं। प्रतियोगिता में गंगा, यमुना, ध्रुव एवं प्रहलाद सदन के छात्रों ने भाग लिया। सदन प्रभारी रोमा, प्रिया, कविता व श्वेता की देखरेख में कक्षा 3 से 6 तक के विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर राखियाँ बनाई। प्रतिभागियों में विराज, सृष्टि, शिवी, अंशिका, किंजल, राधिका, मधु, आरिश, दक्षेश, अनिका, अवनी, अदिति, प्रगति, आराध्या, सपना, वैष्णवी, अनन्या, तनिष्का, वाणी, राही, आयुष, आरव, काव्या, रौनक, आस्त्र, गरिमा, अन्या व तन्वी प्रमुख रहे। निर्णायकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पाँच राखियों का चयन किया गया। जिसमें मधु (यमुना सदन), तन्वी (ध्रुव सदन) तथा कनिष्का, सपना एवं वाणी (प्रहलाद सदन) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा एवं निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं।

# भाजपाइयों ने मंडल कार्ययोजना बैठक की आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**आसफपुर ।** बीते दिन गुरुवार को स्थानीय विकास खंड स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान को वृहद पैमाने पर सफल बनाने को विकास खंड आसफपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में मंडल कार्य योजना बैठक आयोजित की गई इस बैठक में मचासीन मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा , कार्यक्रम संयोजक संजीव गुप्ता , राकेश कुमार दीक्षित , अधिवक्ता अजय कुमार पाराशरी , अजय कटिया , योगेश कुमार शर्मा मीडिया प्रभारी , अभय सिंह यादव , प्रतुल कुमार राठौर , मनोज कुमार गुप्ता , बलराम सिंह यादव , सर्वेश शर्मा , हंसमुखी मौर्य , अमित कुमार दीक्षित , देवेंद्र कुमार पाठक ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को रणनीति तैयार की । इस बैठक की रणनीति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 10 अगस्त 2025 को हर घर तिरंगा अभियान चलाने की कार्ययोजना तैयार की जिसमें स्थानीय पूर्व प्रधान वाला मिश्रा के आवास से चलकर स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज परिसर तक तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

इस अवसर पर कालेज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित स्वर्गीय त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की जाएगी।हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए इस बैठक में नितेश कुमार शर्मा , विजय पाल यादव , संतराम मिश्रा , वृक्ष राज , प्रमोद कुमार , शिवम् पाराशरी , अजय पाल , मनोज पाठक , सचिन यादव , अरविंद यादव , चंद्र प्रकाश मिश्रा , संजीव कुमार शर्मा , शिवम् शंखधार आदि मौजूद रहे । इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण ने की । इस कार्यक्रम का संचालन विंकल शर्मा ने किया ।

# श्रवण नक्षत्र सौभाग्य योग में मनाई जाएगी राखी

### विशेष पर्व ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** वैदिक आचार्य राहुल भारद्वाज जी ने बताया कि रक्षा बंधन के दिन श्रवण नक्षत्र और शनिवार का योग बहुत कम बनता है। इस दिन चंद्र मकर राशि में रहेगा और मकर राशि के स्वामी शनि है। शनिवार का दिन जिसका स्वामी भी शनि है और श्रवण नक्षत्र जो शनि की राशि की कक्षा में आते है। रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार पूर्ण शुभता और विशेष संयोगों के साथ 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। इस बार बहनों को भाइयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधने का पूरा दिन मिलेगा, क्योंकि इस वर्ष भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। पंचांग के अनुसार यह अवसर अत्यंत शुभ और दुर्लभ योगों से युक्त रहेगा। कई वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं रहेगी। ज्योतिषाचार्य पं. राहुल भारद्वाज ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर श्रवण नक्षत्र,सौभाग्य योग और सर्वार्थसिद्धि योग जैसे महाशुभ संयोग बन रहे हैं। यह अपने आप में दुर्लभ योग माना जाता है।

यह योग सभी राशियों के जातकों के लिए फलदायी रहेंगे। राखी बांधने के लिए कब रहेगा शुभ समय वैदिक आचार्य राहुल भारद्वाज ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है।

**कलावा बांधने का नियम**

रक्षाबंधन के दिन भाई के दाहिने हाथ पर राखी बांधना शुभ माना जाता है। दाहिना हाथ या सीधा हाथ जीवन के कर्मों का हाथ कहा गया है और मनुष्य के दाहिने हिस्से में देवताओं का वास भी माना गया है।

कहा जाता है कि दाहिने हाथ से किए गए दान और धार्मिक कार्यों को भगवान जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, इसलिए धार्मिक कार्यों के बाद कलावा आदि भी दाहिने हाथ पर बांधा जाता हैं।

**पूर्णिमा तिथि आठ अगस्त** को दोपहर 2 बजकर 13 मिनट से शुरू हो जाएगी। वहीं पूर्णिमा तिथि का समापन 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा। 8 अगस्त के दिन ही भद्रा का साया खत्म हो जाएगा, इसलिए रक्षाबंधन का दिन भद्रा से मुक्त रहेगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त ऐसे में राखी बांधने के लिए सूर्योदय से लेकर दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक का समय सबसे शुभ रहेगा। इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त (दोपहर 11:48 से 12:40 तक) में भी राखी बांधना बेहद शुभ माना जाएगा। वहीं जो लोग दोपहर तक राखी न बांध पाएं वो शाम तक राखी बांध सकते हैं, क्योंकि उदया तिथि में ढाई घंटे से अधिक तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। ऐसे में शाम के वक्त भी राखी बांधना गलत नहीं होगा।

**किस हाथ में बांधना चाहिए रक्षासूत्र?**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

# एक नजर

## ई-लाटरी से हुआ कृषकों का चयन, अनुदान पर मिलेंगे कृषि यंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26में जनपद में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्डयू(सी.आर.एम.) एवं अन्य योजनान्तर्गत एकल कृषि यंत्रों हेतु ऑनलाईन आवेदन वाले कृषकों में से अनुदान हेतु पात्र कृषक का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में गठित 15-सदस्यीय समिति द्वारा विकास भवन सभागर में गुरुवार को आवेदकों की उपस्थिति में किया गया। उप कृषि निद. ेशक द्वारा अवगत कराया गया किसी भी यंत्र पर अनुदान पाने हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड में एक से अधिक आवेदक होने पर लाभार्थी का चयन शासन के निर्देशानुसार ई-लाटरी के माध्यम से समिति के द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि को लाभार्थियों की उपस्थिति में किया जाता है, जिससे पूर्ण पारदर्शिता होती हैं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि ई-लाटरी के माध्यम से एकल कृषि यंत्र के लाभार्थियों का चयन किया गया। प्रत्येक यंत्र हेतु प्रतीक्षा सूची भी जारी की गयी है। वर्तमान में चयनित लाभार्थी यदि निर्धारित तिथि तक यंत्र क्रय नहीं करते हैं, तो प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषक स्वयं पात्र हो जायेंगे। उपरोक्त यंत्रों हेतु चयनित कृषकों के मोबाईल नं0 पर प्राप्त चयन संदेश को भी मौके पर प्रदर्शित किया गया। अस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, प्रतिनिधि लीड बैंक तथा ई-लॉटरी समिति के सदस्यगण एवं कृषक पदम सिंह, रामदुलार, अमन राठौर, ओमवीर सिंह, नीरज, जसराम, अंशु कुमार सिंह, सतेन्द्र सिंह, विपिन कुमार तथा अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# रक्षाबन्धन पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम के जारी किए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 09 अगस्त 2025 को मनाया जायेगा। रक्षाबन्धन के त्यौहार के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग महिलाओं के साथ यात्रा करेंगे। उन्होने इस पर्व पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के हेतु निर्देश निर्गत किए कि रक्षाबन्धन के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में महिलायें राखी बंधन हेतु बसों तथा रेल मार्गों व अन्य वाहनों से आती-जाती हैं, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी भीड़-भाड़ हो जाती है। किसी अप्रिय घटना की सम्भावनाओं के दृष्टिगत असामाजिक अबांछनीय तत्वों पर निगरानी रखी जाये। उन्होने सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को निर्देशित किया है कि परिवहन निगम की बसों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित करें, तथा रोडवेज बसों में सतर्क दृष्टि रखी जाये व बस स्टैण्ड कैम्पस में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त रेल व बस स्टेशनों पर काफी भीड़-भाड़ होने के कारण विशेष पुलिस बल तैनात किया जाये, जाम न लगने पाये, बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन, बाजारों में भीड़-भाड़ को दृष्टिगत रखते हुये निरन्तर पेट्रोलिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। इन स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जाये। रक्षाबन्धन के त्यौहार पर बसों में सुरक्षा दृष्टि रखी जाये तथा रोडवेज बसें निर्धारित स्पीड एवं मानक के अनुसार सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बदायूँ तय करें, इसके साथ-साथ खराब बसों की पहले से मरम्मत करा लें ताकि दुर्घटना घटित न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि रक्षाबन्धन के त्यौहार पर सफाई व्यवस्था एवं पेयजलापूर्ति कराये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय समस्त अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देशित करें। यदि किसी घटना व विवाद का संज्ञान मिले तो घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी पुलिस व उप जिला मजिस्ट्रेट तत्काल पहुँचकर उसका समाधान करना सुनिश्चित करें तथा उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए स्थिति पर निरन्तर नजर रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन बदायूँ रक्षाबन्धन के पर्व पर खाद्य पदार्थो में मिलावट अपमिश्रण अधिक बढ जाता है तथा रंगीन मिठाई व रंगीन कचरी, चिप्स आदि की बिकी अधिक मात्रा में होती है। बाजारों में अभियान चलाकर छापेमारी कर मिठाई, रंगीन कचरी आदि के नमूने लेना सुनिश्चित करें तथा समस्त दुकानों का निरीक्षण कर लें। मानक के विपरीत बिक्री करते पाये जाने बाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी दुकानदार व व्यापारी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। उन्होने कहा कि दिए गए निर्देश मार्गदर्शक है। इनका पालन करने के साथ-साथ स्थलीय स्थिति के अनुसार क्षेत्र की कानून व शान्ति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एव पर्व की गरिमा बनाये रखने हेतु आवश्यकता अनुसार अन्य व्यवस्थाएँ व कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि यह पर्व पर विगत वर्षों में कई जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इस हेतु विभिन्न स्थलों पर अधिकारियों को नामित किया गया है, जिसमें श्री अमरीश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रोडवेज बस स्टैण्ड बदायूँ पर, रामबचन गुप्ता, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्राइवेट बस स्टैण्ड बदायूँ पर, अभिनव कुमार चौधरी, यात्रीकर अधिकारी पुलिस लाइन चौराहा बदायूँ पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दें यदि आवश्यकता हो तो तत्काल निकटवर्ती थाने को सूचित कर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# रिछा में बंद मकान से चोरी, पुलिस ने तीन दिन बाद भी दर्ज नहीं की रिपोर्ट

■ सोने-चांदी के जेवर समेत नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ड्रोन चोरों के मचे शोर के बीच कोतवाली देवरनियां के कस्बा रिछा में बंद पड़े एक मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत लाखों का माल साफ कर लिया। तीन दिन बाद भी पुलिस ने मामले को दर्ज नहीं किया है। चोरी से इलाके में दहशत है।

पिछले काफी दिनों से ड्रोन चोरों के होने का शोर मचा हुआ है। इसी बीच चार अगस्त की रात्रि कस्बा रिछा के एक मकान में चोरी की बारदात हो गई। रिछा कस्बे के मोहल्ला कानून गोयान निवासी मोहम्मद जुनैद खान के मुताबिक वह और उसका भाई शोएब अहमद नगर पंचायत कार्यालय के पास एक ही मकान में रहते हैं। शोएब दिल्ली में रहकर काम करता है, जबकि जुनैद यहीं रहता है।

जुनैद ने बताया कि वह 22 जुलाई को अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल नानपारा जिला बहराइच गया हुआ था, घर में ताला लगा था। पांच अगस्त को जब वह घर आया तो घर का नजारा देख दंग रह गया। दोनों कमरों का सारा समान बिखरा पड़ा था। आलमारी, बाक्स आदि के लॉक टूटे हुए थे। सामान चेक करने पर सोने की दो लेडीज व एक पुरुष अंगुठी, सोने का एक पैन्डिल, चांदी की चार पायल, चांदी का एक पेन, एक घड़ी, पांच अंगूठी और 18 हजार रुपए नकद अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं।

पीड़ित की सूचना पर डायल 112 और चौकी से पुलिस कर्मी पहुंचे, मगर मौका मुआयना कर चले आए। पुलिस कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने की बात कही थी, मगर कुछ नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि उसने मामले की तहरीर देवरनियां कोतवाली में दी है। मगर तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इससे पता चलता है कि देवरनियां पुलिस बारदातों को छुपाती है। पीड़ित ने बताया कि अगर उसकी नहीं सुनी गई तो वह पुलिस कप्तान के यहां फरियाद करेगा। इस संबंध में जब देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी से मालूम किया गया तो उन्होंने बताया कि तहरीर देने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले की जानकारी की जाएगी।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, मैं जानकारी करता हूं। जांच में मामला सही पाया गया तो कार्यवाही निश्चित की जायेगी।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

# 'खतरे में नौनिहाल' देखने वाला कोई नहीं

## सांसद की ननिहाल के गांव मंगदपुर स्कूल की गिरी चार दीवारी, बाल-बाल बचे बच्चे

■ रिछा ब्लॉक में आधा दर्जन से ज्यादा स्कूल जर्जर
■ तेजनगर स्कूल के कक्ष में आई दरार, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने दूसरे कमरे में शिफ्ट किए बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गांवों के मासूम सर पर मंडराते खतरों के बीच पढ़ाई कर रहे हैं। प्रदेश के एक जिले में हुए स्कूल भवन हादसे के बाद सोया हुआ सिस्टम जागा है। जर्जर हो चुके स्कूल भवनों की सुध अब ली जा रही है। ब्लॉक रिछा में आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे स्कूल निकलकर सामने आए हैं। वृहस्पतिवार को ब्लॉक के एक स्कूल के कक्ष में दरार आने पर बच्चों को दूसरी कक्षा में शिफ्ट करा गया, तो वहीं एक स्कूल की चारदीवारी गिरने से बच्चे बाल-बाल बच गए।

> जर्जर स्कूलों की रिपोर्ट बनाकर जिला मुख्यालय पर भेजी जा रही है। जर्जर कक्ष में बच्चों को न बैठाने की सख्त हिदायत प्रधानाध्यापकों को दी गई है।
>
> **जगदीश कुमार**
> **बीईओ रिछा ब्लॉक**

भावी पीढ़ी की नींव को जिस जगह मजबूत किया जा रहा है, वहां खतरे मंडरा रहे हैं। नौनिहाल इन खतरों के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

पिछले दिनों प्रदेश के एक जिले में हुए स्कूल हादसे के बाद अब तक सोया सिस्टम जागा है, और जर्जर स्कूलों की सुध लेकर कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं।

ब्लॉक रिछा में आधा दर्जन से ज्यादा बेसिक स्कूल जर्जर हैं। बीईओ कार्यालय के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय रिछा, तेजनगर, सिंधौरा, हुसैन नगला, जूनियर हाईस्कूल लवेदी, सिमरा, मुंडिया जागीर, डंडिया नगला जर्जर हैं। बीईओ जगदीश कुमार के अनुसार ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट बनाकर जिला मुख्यालय पर दी जा रही है। जर्जर कक्ष में बच्चों को न बैठाने की हिदायत प्रधानाध्यापकों को दी गई है।

### 2005 में बना प्राथमिक विद्यालय आज भी है जर्जर

2005 में बना प्राथमिक विद्यालय तेजनगर भी जर्जर स्थिति में है। कई मर्तबा इंचार्ज प्रधानाध्यापिका द्वारा मरम्मत कराई जा चुकी है। अब स्कूल के के एक कक्ष में दरारें पड़ने के साथ लिन्टर से भी पानी टपक रहा है। खतरे को देखते हुए वृहस्पतिवार को स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वीरवती ने बच्चों को दूसरे कक्ष में शिफ्ट कर दिया है, और रिपोर्ट बीईओ कार्यालय दे दी है।

### सांसद की ननिहाल के गांव मंगदपुर स्कूल की चारदीवारी गिरने से बच्चे बाल-बाल बचे

गांव मंगदपुर में बरेली सांसद छात्रपाल गंगवार की ननिहाल है। यहां का जूनियर हाईस्कूल की चारदीवारी अचानक धराशाई हो गई, अध्यापकों की सूज-बूज से कोई हादसा नहीं हुआ, और स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए।

## एक नजर

### उमरा के लिए काफिला रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** करीब के गांव टांडा सादात से एक काफिला आज उमरा के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर घण्टों धार्मिक नारे गूंजते रहे। नात ख्वान हजरात ने अपनी नातों का नजराना पेश किया। बाद में उन्हें उमरा के लिए रुखसत किया गया। उमरा पर जाने वालों में तस्लीमन बानो पत्नी मेंहदी हसन, खना गौंटिया के लालशाह, छोटे शाह व नन्हीं आदि लोग थे। जबकि उनको बिदाई देने वालों में जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ने अंसारी, ग्राम प्रधान इशाक अहमद, एडवोकेट आकिब अंसारी, रहमत अली, यूनिस अली, जवाहर अली, शकील अहमद, ताहिर अली, भूरे शाह आदि मुख्य थे।

### दलित के साथ मारपीट करने वालों की नहीं हो रही गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पीआरडी जवान के पुत्र संजीव कुमार के साथ मारपीट करने वाले दबंग आज भी खुले आम घूम रहे हैं, एसपी उत्तरी के निर्देश पर भी पुलिस इनकी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। पीड़ित ने गुरुवार को पुलिस के अधिकारियों से मिलकर आरोपियों कि गिरफ्तारी की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव मिलक पिछौड़ा के रहने वाले दलित पीआरडी जवान प्यारे लाल के पुत्र संजीव कुमार के साथ गांव के दबंगों द्वारा मारपीट की गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना नवाबगंज में ग्राम के कुंवर सेन, चन्द्रपाल, बाबू राम, रंजीत और संजय के खिलाफ दर्ज कराया था।

दो सप्ताह पूर्व दर्ज किए गए इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। बीते शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के साथ पहुंचे एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा को पीड़ित संजीव कुमार ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी, जिसपर उन्होंने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव को तत्काल ही आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस ने एसपी के निर्देश की भी परवाह नहीं की, और एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। गुरुवार को पीड़ित ने सीओ के साथ ही थाना पुलिस से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### प्रेमपाल को मिला कस्बे का चार्ज, गौरव गए हाफिजगंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> एसडीएम ने तहसील के कई लेखपालों के क्षेत्र बदले

**नवाबगंज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम विसी रम्पुरा के प्रधान द्वारा की गई लेखपाल की शिकायत पर एसडीएम उदित पवार ने लेखपाल जयेंद्र पाल सिंह का क्षेत्र बदल डाला। उन्हें ग्राम कोठा मक्खन से हटाकर उन्हें समुहा भेजा गया है, उन्हें ग्राम रत्ना नंदपुर का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है।

एसडीएम उदित पवार द्वारा जारी किए गए अपने आदेश में कस्बे पर पिछले काफी समय से तैनात चले आ रहे गौरव कुमार को हटाकर उनकी जगह बहेड़ी से स्थानांतरित होकर आए प्रेमपाल गंगवार को कस्बे का नया लेखपाल तैनात किया गया है। उन्हें रिछोला किफायतुल्ला का अतिरिक्त भार भी दिया गया है। गौरव कुमार को ग्राम हाफिजगंज के साथ ही दिवनापुर और बढ़ेपुरा निकट खोह का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। इसके साथ ही रंजीत सिंह को दलेलनगर से पुरैनियां ,अटगा योगी और मेथी नवादिया का चार्ज दिया गया है। वैभव सक्सेना को पुरैनियां से नकटी नरायनपुर और धनौर जागीर का चार्ज दिया गया है। एसडीएम उदित पवार ने वीरेन्द्र प्रताप सिंह की बहाली के बाद उन्हें क्षेत्र के गांव कोठा मक्खन और मटकापुर का चार्ज दिया है। गौरव सिंह को समुंहा से हटाकर ग्राम बरौर का लेखपाल बनाया गया है। एसडीएम ने इसके साथ ही डेढ़ दर्जन लेखपालों के कार्य क्षेत्र बदल डाले। एसडीएम के इस आदेश को लेकर गुरुवार को सारे दिन तहसील में खलबली मची रही।

### धान की रोपाई करते युवक को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में खेत में धान की रोपाई कर रहे युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। थोड़ी ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

घटना बीते शाम की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अटका योगी गांव निवासी 30 वर्षीय मुलेंदर पाल अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक, इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले एक जहरीले सांप ने उन्हें डंस लिया। सांप काटने के कुछ ही मिनटों बाद मुलेंदर की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल मुलेंदर का इलाज डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है।

### चादर जुलूस और जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे पर रहेगी रोक: अहसन मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी की तैयारियां बड़े पैमाने की जा रही हैं। जायरीन की सहूलियत के लिए बैठकों का दौर जारी है। सभी तैयारियां दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में चल रही हैं। उर्स की सभी रस्में दरगाह आला हजरत समेत इस्लामिया मैदान में अदा की जायेंगी। उर्स के दौरान देश विदेश से सियासी और गैर सियासी चादरें पेश होती हैं। जिसमें बरेली जिले से लोग जुलूस की शक्ल में चादर लेकर आते हैं। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने सभी जुलूस कमेटियों से कहा है कि दरगाह पर कपड़े की चादर की जगह फूल पेश करें। चादर जुलूस और जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे पर पूरी तरह से रोक रहेगी। कोई भी अंजुमन डीजे बुक न करे। कपड़े की चादर और डीजे की रकम से नबी-ए-करीम और साहिबे उर्स को ईसाले सवाब की नियत से जिन जरूरतमंद के पास कपड़े न हों उनको कपड़े खरीद कर दे दें। जो बीमार हो उनका दवाई-इलाज करा दें। जरूरतमंद छात्रों को किताबें और फीस भरने में उनकी मदद कर दें। लोगों की राशन से भी मदद कर सकते हैं। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि आज शाम 6 बजे दरगाह परिसर में दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की सदारत में एक अहम बैठक हुई। जिसमें मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी व मौलाना बशीरुल कघदरी ने कहा कि बरेली आला हजरत की नगरी है, और पूरी दुनिया में मेहमान नवाजी से पहचानी जाती है। इसलिए सभी लोग जायरीन की खिदमत में कोई कोताही न बरतें। हाजी जावेद खान ने संचालन करते हुए जिले भर से आई सभी लंगर कमेटियों का शुक्रिया अदा किया। बैठक में सभी से उर्स को कामयाब बनाने के लिए सुझाव मांगे गए। बैठक में मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती जईम रजा, मौलाना जाहिद रजा, राशिद अली खान, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, शान रजा, मुजाहिद बेग, मंजूर रजा, इशरत नूरी, आलेनबी, काशिफ रजा आदि मौजूद थे।

# कृषि क्षेत्र को मजबूती देने और किसानों की आमदनी बढ़ाने को लेकर की चर्चा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कृषि क्षेत्र को मजबूती देने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण द्वारा सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन एवं मिलेटस पुनरोद्वार कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत कार्य योजना की बैठक ली।

बैठक में जिला स्तरीय प्रसार सुधार योजनाओं के क्रियाकलापों का अनुमादन मिला है। इसके अन्तर्गत कृषकों को प्रशिक्षण, भ्रमण प्रदर्शन एवं आधुनिक बीज तथा कृषि सामग्री उपलब्ध कराये जाने पर विशेष बल दिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेषक अभिनन्दन सिंह, जिला कृषि अधिकारी, ऋतुशा तिवारी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि वार्षिक कृषि कार्य योजना के अन्तर्गत धान, गेहूं, दलहन, ज्वार और बाजरा का बीज किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा।

इसके अतिरिकत किसानों को कृषि रक्षा रसायन, सूक्ष्म तत्व और तिरपाल जैसी सामग्री भी 50 फीसदी अनुदान पर प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों, विश्व. विद्यालयों तथा शोध प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराया जायें। उन्होने कहा कि ऐसी पहले किसानों में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने और नवाचार अपनाने की जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी के सम्बोधन उपरान्त धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक के समापन की घोशण की गयी।

# तेजतर्रार एसआई सतेंद्र कुमार बने इंस्पेक्टर, लोगों ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** तेजतर्रार एसआई सतेंद्र कुमार जोकि फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी रह चुके हैं इंस्पेक्टर बनने पर लोगों ने दी बधाई



उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सराहनीय सेवाएं देने वाले एसआई सतेंद्र कुमार को उनकी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई है। नोएडा के गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसआई सतेंद्र कुमार को अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा ने कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं। सतेंद्र कुमार का पुलिस सेवा में अब तक का सफर अनुकरणीय रहा है। वे बरेली जिले के बहेड़ी कस्बा चौकी प्रभारी, मॉडल टाउन चौकी प्रभारी, सेंथल चौकी प्रभारी और फतेहगंज पश्चिमी चौकी प्रभारी रह चुके हैं, जहां उन्होंने अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क में अपनी खास पहचान बनाई। इससे पूर्व शाहजहांपुर में एसएसआई सदर, चौकी प्रभारी करिया कला व चौकी प्रभारी टिकरी थाना निगोही में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मौजूदा समय में एसआई से इंस्पेक्टर बने सतेंद्र कुमार नोएडा में तैनात है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष इमरान अंसारी, एडवोकेट महेश गंगवार, व्यापारी प्रेमपाल गंगवार, असद अंसारी, अमान अंसारी, आफताब आलम अंसारी आबिद खान आदि तमाम लोगों ने बधाई दी। मूल रूप से जोया जिला अमरोहा निवासी सतेंद्र कुमार की गिनती उत्तर प्रदेश पुलिस के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल पुलिसकर्मियों में होती है। उन्होंने हर नियुक्ति स्थल पर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर खुद को साबित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों, सहयोगी पुलिसकर्मियों तथा क्षेत्रीय लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है।

# प्रेमनगर में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

■ 25-25 हजार के इनामी दो बदमाश गोली लगने से घायल, गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर पुलिस ने गुरुवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 25-25 हजार के इनामी दो कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन, दो तमंचे, 6 कारतूस, 45 हजार रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है।

आज गुरुवार सुबह करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच थाना प्रेमनगर पुलिस की टीम धर्म कांटा से कुद्देशिया पुल की ओर जा रही एक काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास कर रही थी। लेकिन दोनों ने रुकने के बजाय पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके पर घायल हालत में दबोच लिया गया।

पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम सलमान पुत्र जमशेद अहमद, उम्र 26 वर्ष, निवासी लोको कॉलोनी, गली नंबर 15, थाना सिविल लाइन, जनपद अलीगढ़ बताया दूसरे बदमाश ने अपना नाम इस्लाम कादिर पुत्र आरिफ खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी मोहल्ला बानाखाना, थाना प्रेमनगर, बरेली। दोनों इनामी बदमाश हैं जिनके सिर पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इन्हें चंपतराय की बगिया के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, आशुतोष शिवम ने जानकारी दी कि गिरफ्तार बदमाश हाल ही में थाना प्रेमनगर क्षेत्र में दो लूट की घटनाओं में शामिल पाए गए हैं। पूछताछ में उन्होंने अपने अपराध कबूल किए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने कुछ और घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है। पुलिस अब उनके क्रिमिनल नेटवर्क, हथियारों की सप्लाई और अन्य लूट मामलों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। इनसे जुड़े अन्य साथियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# सर्प के डसने से 12वीं की छात्रा की मौत

■ परिवार में मचा कोहराम, गांव में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया कनक में एक दर्दनाक घटना घट गई, जहां 17 वर्षीय कक्षा 12 की छात्रा मिहीपाल की पुत्री होमिका देवी की सर्प दंशने से मौत हो गई। यह घटना बुधवार रात्रि की है। वृहस्पतिवार को जब मृतक छात्रा की मां भोले देवी सुबह उठाने 5 बजे गई थी। जब होमिका अपने घर में चारपाई पर सो रही थी। छात्रा को आवाज दी, न उठने पर चादर हटाकर देखा तो छात्रा का शरीर पूरा नीला पड़ा था, और मुंह से भी नीले रंग के झाग निकल रहे थे।

मृतक छात्रा के पिता मिहीपाल ने बताया कि होमिका सालिक राम इन्टर कॉलेज भिलैईया में कक्षा 12 में पढ़ रही थी, और यह तीन बहिनें और दो भाई हैं। होमिका तीसरे नम्बर की है। छात्रा को घर के आंगन में सोते हुए रात्रि में किसी समय सर्प ने काट लिया। सुबह परिजन सोकर उठे तो देखा कि छात्रा होमिका देर समय तक सो रही है। छात्रा की मां भोले देवी स्कूल जाने के लिए उठाने गई थी तो देखा कि किशोरी होमिका मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी थी। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई, और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और शव का पंचनामा भरकर बरेली पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मृतक छात्रा के परिजनों को सांत्वना दी।



इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर गांव पिपरिया कनक पहुंचे, और शव का पंचनामा भरकर बरेली पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# बेसकीमती भूमि पर कब्जे को लेकर सरकारी चिकित्सक और सर्राफा व्यापारी फिर भिड़े

■ चिकित्सक और पत्नी पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे हरदुआ किफायतुल्ला स्थित वेश कीमती भूमि पर कब्जे को लेकर गुरुवार को सरकारी चिकित्सक और कस्बे के सर्राफा व्यापारी भिड़ गए। दोनों के बीच हुई मारपीट में सर्राफा व्यापारी और उसकी पत्नी और पुत्र घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट सर्राफा व्यापारी की ओर से सरकारी चिकित्सक, उनकी पत्नी सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हरदुआ किफायतुल्ला स्थित बरेली-पीलीभीत हाइवे किनारे पड़ी वेश कीमती भूमि पर कब्जे को लेकर पिछले काफी दिनों से दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है।

आरोप है कि भूमि का बिना बंटवारे के सरकारी चिकित्सक दिनेश गंगवार अपने साथियों के साथ गुरुवार को भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे कि सूचना मिलने पर कस्बे के सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता अपनी पत्नी बविता और पुत्र सूरज गुप्ता के साथ स्थल पर पहुंचे, और निर्माण कार्य रोकने को कहा, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

आरोप है कि डॉक्टर दिनेश गंगवार ने सर्राफा व्यापारी के मुंह पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। सर्राफा व्यापारी की पत्नी बविता और पुत्र सूरज गुप्ता के साथ भी मारपीट की गई।

घटना की रिपोर्ट सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता की ओर से सरकारी चिकित्सक डॉक्टर दिनेश गंगवार उनकी पत्नी अर्चना गंगवार, दुष्यंत, उनके चौकीदार के साथ ही 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

गौरतलब हो इस भूमि पर कब्जे को लेकर कई बार दोनों खेमों के बीच विवाद हो चुका है, लेकिन स्थानीय प्रशासन इनका निपटारा कराने में अभी तक सफल नहीं हो सका है। प्रशासन शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# 24 से 30 अगस्त तक होगा जेसीआई वीक का आयोजन, लीफलेट का हुआ विमोचन



**पीलीभीत।** प्रत्येक वर्ष जेसीआई पीलीभीत मिडटॉउन द्वारा आयोजित होने वाले जेसीआई वीक "श्रब्ॅममा न्ट्रै।ट 2.0द्2025" के लीफलेट का पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विमोचन किया। 24 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक, खेल और रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ होना सुनिश्चित हुआ जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र हिस्सा लेंगे। यह सप्ताह भर चलने वाला उत्सव युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ–साथ सामाजिक सहभागिता और मनोरंजन से भरपूर रहेगा। इस उत्सव का पहला दिन, 24 अगस्त को, ड्राइंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता के साथ आरंभ होगा, जिसमें बच्चों और युवाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। 25 अगस्त को जेस. ीआई फुटबॉल लीग का आयोजन किया जाएगा, जो खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक रहेगा। 26 अगस्त को सोलो डांस प्रतियोगिता और 27 अगस्त को ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागी अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करेंगे। 28 अगस्त को सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जबकि 29 अगस्त को फेस पेंटिंग, नेल आर्ट और मेहंदी जैसे रंग–बिरंगे कार्यक्रम होंगे। इस वर्ष से एक नई पहल भी की जा रही है मॅमिबजपअम च्नइसपब ैचमांपदह यानी प्रभावशाली सार्वजनिक भाषणप्रतियोगिता, जिससे प्रतिभागियों को आत्मविश्वास और वक्तृत्व कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। प्रतिदिन होने वाली प्रतियोगिताओं के विज. ेताओं और उप विजेताओं को डेली लक्की ड्रॉ कर जाएगा। 30 अगस्त को ग्रेटर डे (ळतमंजमत क्ंल) के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें सभी विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। ग्रेटर डे लकी ड्रॉ के तहत भी शानदार पुरस्कार रखे गए हैं पहला पुरस्कार एक साइकिल, दूसरा पुरस्कार दो एलईडी टीवी और तीसरा पुरस्कार तीन ब्लूटूथ स्पीकर होंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए फूड स्टॉल्स की भी व्यवस्था की गई है, जिससे आगंतुक विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। साथ ही, बच्चों के लिए एंटरटेनमेंट ज़ोन भी बनाया गया है जहाँ वे खेल और मनो. रंजन से भरपूर गतिविधियों का हिस्सा बन सकेंगे।

# संवेदनशील बाढ़ संभावित ग्रामों में राहत चौपाल का आयोजन

**पीलीभीत।** प्रदेश तथा पहाड़ो पर हो रही मूसलाधार बारिश से सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत संवे. दनशील बाढ़ प्रभावित ग्रामों में राहत चौपाल आयोजित किये जाने के दिये गए आदेश एवं उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा गुप्ता के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को तहसीलदार अर्चि गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित संवे. दनशील ग्राम रायपुर मु० पंचायत घर में राहत चौपाल को आयोजन किया गया।

जिसमें राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल विदित गंगवार, ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह व पंचायत सहायका एवं अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत बाढ़ से पूर्व एवं बाढ़ के दौरान तथा बाढ़ के बाद बचाव हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु विस्तार रूप से निर्देश / सुझाव दिये गये। वर्तमान समय में सर्पदंश की घटनाएं अधिक रहती हैं, जिसके सम्बन्ध में बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें विस्तार रूप से बताया गया तथा पास में बह रही देवहा नदी का जलस्तर का भी निरीक्षण किया गया।

शासन से आए निर्देश एवं जिलाधिकारी महोदय के द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी की जा रही है, राजस्व विभाग के टीमें लोगों को बाढ़ के खतरे के प्रति जागरूक कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं हैं। वर्तमान में स्थिति सामान्य है, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 8 बाढ़ चौकी एवं दो शरणालय स्थल गए हैं। टीमें बनकर लगातार राहत चौपाल का आयोजन लोगों को जागरूक करने हेतु किया जा रहा है।

**श्रद्धा गुप्ता**
**एसडीएम सदर**

# 23 व 24 अगस्त को होगा द्वितीय मास्टर्स यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर के बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली द्वितीय मास्टर्स यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का विमोचन संरक्षक डॉ. परविंदर सिंह सैहमी द्वारा किया गया। जिसमें जिला टेबिल टेनिस ऐसोसिएशन के अध्यक्ष गुरदित्त सिंह सैहमी सचिव गुरसेवक सिंह कोषाध्यक्ष देव सिंह व अन्य पदा. धिकारी मौजूद रहे। प्रथम मास्टर्स यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन आगरा में किया गया था द्वितीय पीलीभीत तथा तृतीय इलाहाबाद में किया जाएगा तीनों जगह पर रैंकिंग मिलने के बाद स्टेट चौंपियन चुना जायेगा। यह प्रतियोगिता 23 व 24 अगस्त को बेनहर पब्लिक स्कूल, पीलीभीत के ऑडोटोरियम 'द एरिना' में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 100 से 120 खिलाड़ी 40 से 80 + आयुवर्ग में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उत्तर प्रदेश के टेबिल टेनिस संघ, लखनऊ के डायरेक्टर अरूण कुमार बैनर्जी, सचिव निर्मोय मित्रा, अध्यक्ष संजीव पाठक व पूर्व कोषाध्यक्ष एनके लहरी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सम्पन्न कराई जायेगी। जिसमें अर्पित अवस्थी, गौरव सिंह, प्रशांत मिश्रा, शिवम विश्वकर्मा राष्ट्रीय स्तर व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयूष वर्मा, अनिकेत कुमार सिंह रेफरी भी मौजूद रहेंगे।

# लोक जनशक्ति पाटीम रामविलास महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संपन्न हुई बैठक



**मथुरा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के निर्देशन में महिला राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 5 अगस्त को संपन्न हुई बैठक में सांसद संघ के समय रहते आयोजित होने वाली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसदों के साथ से शामिल हुए और उन्होंने लोक जनशक्ति की नीतियों पर चर्चा की और कहा कि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षों से आग्रह किया है कि इसकी तैयारी के संबंध में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को जल्द से जल्द जानकारी दें तथा साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला ब्लाक अध्यक्षों की सूची व्हाट्सएप पर शीघ्र भेजें बैठक में कमला कुमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ लोक जनशक्ति पार्टी की अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया स बैठक एमपी क्लब नजदीकी लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय 71 नॉर्थ एवेन्यू नई दिल्ली पर सम्पन्न हुई।

# विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर केएम अस्पताल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**मथुरा।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1–7 अगस्त) के उपलक्ष्य में केएम अस्पताल में बालधशिशु रोग विभाग, स्त्रीरोग विभाग एवं पीएसएम(प्रिवेंटिव एवं सोशल मेडिसिन) ने एक जागरूकता कार्यक्रम ''स्वस्थ रहेगा जच्चा और बच्चा, जब मां का दूध पियेगा बच्चा'' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के महत्व, लाभ और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएम विवि के वाइसचांसलर डा. एनसी प्रजापति ,मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय शूद और बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार ने नवजात शिशु की मां को कपड़े अन्य सामिग्री वितरित करते हुए मां के दूध की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जूनियर डाक्टरों सहित नर्सिंग छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केएम विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति के कहा नवजात शिशु के पहले छह महीनों तक केवल मां का दूध ही सबसे उत्तम पोषण है। इससे न सिर्फ शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बल्कि मां के लिए भी यह कई स्वास्थ्य लाभ लेकर आता है, जैसे डिलीवरी के बाद जल्दी रिकवरी, हार्मोनल बैलेंस और स्तन कैंसर का खतरा कम होना। ऊपर से दूध पिलाने की सोच गलत है,स्तनपान गाय, बकरी हर जानवर करता है। चार पैरों पर जानवर चलते है लेकिन इंसान दो पैरों पर चलता इसलिए उसका दिमाग ऊपर चला गया है, सोच गलत होती जा रही है। वर्तमान समय में मां बच्चे के लिए स्तनपान बेहद आवश्यक है। मां के दूध में जो ताकत है वह ताकत कही नहीं होती है। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा सभी के लिए मां का दूध जरूरी है, इससे शरारिक, मानसिक और भावनात्मक वृद्धि होती है। मां के साथ बच्चे का भाव जिन्दगीभर साथ चलता है। एएमएस डा. आरपी गुप्ता ने कहा आज के आधुनिक दौर में स्तनपान को लेकर कई भ्रांतियां और झिझकें महिलाओं में पनप रही हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। पैदा होने के बाद से छह महीने जो बच्चा स्तनपान नहीं करता है वह बीमार रहता है, माताओं को सीखना है कि बच्चे के प्रति आपका संबंध जिंदगीभर साथ रहता है। इसी प्रकार से बालरोग विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार, डा. सौरभ ताल्यान, डा. रमनीश प्रजापति, डा. अखिलेश, डा. रीतिका राय(जूनियर डाक्टर्स), डा. प्रियंका सोनी(जूनियर डाक्टर्स), स्त्रीरोग विभाग के

# रोडवेज कर्मचारियों ने दर्जनों डग्गामार वाहनों को किया जप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गुरुवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब रोडवेज कर्मचारियों ने अवैध रूप से संचालित डग्गामार ईको वाहनों के खिलाफ स्वयं कार्रवाई करते हुए करीब 20 गाड़ियों को जब्त कर रोडवेज डिपो परिसर में खड़ा कर दिया। यह घटना न सिर्फ सरकारी परिवहन सेवाओं की अनदेखी को उजागर करती है, बल्कि स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग की लापरवाही पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है। नौगवा चौराहे पर विभिन्न रूटों पर अवैध रूप से चल रही करीब 20 ईको कारों को जब कर्मचारियों ने पकड़ा तो इलाके में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एआरटीओ और दो थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। अफसरों ने कर्मचारियों को शांत किया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। रोडवेज कर्मचारियों का आरोप है कि पलिया (लखीमपुर) से लेकर बरेली तक कई रूटों पर ये अवैध गाड़ियाँ बिना किसी वैध परमिट और फिटनेस के धड़ल्ले से चल रही हैं। इससे रोडवेज की आय में भारी गिरावट आई है और यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

# अखिल भारतीय जाट महासभा ने आईपीएस आसमा चौधरी से की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी के नेत्रत्व में आज आई पी एस अधिकारी व मथुरा शहर की सीओ सिटी आसमा चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। गुलदस्ता और पटुका पहना कर स्वागत किया और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामंनाएं प्रदान की। आसमा चौधरी ने बहुत ही शिष्टता और विनम्रता से प्रतिनिधि मंडल का परिचय लिया। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश सचिव शिवराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, राया ब्लॉक अध्यक्ष सतवीर चौधरी, दिगंबर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बजाज चीनी मिल किनौनी द्वारा गन्ना में लगने वाले कीट व बीमारियो के प्रति किया जागरूक



**मेरठ।** नगर पंचायत खिवाई के चेयरमैन हाजी शमशाद के घेर में किनौनी चीनी मिल द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित किसानो को चीनी मिल किनौनी के गन्ना विकास विभाग के हेड आदेश तोमर ने गन्ने मे लगने वाले विभिन्न कीट व बीमारियो से होने वाले नुकसान व उनकी कैसे रोकथाम करे, के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। चीनी मिल किनौनी के गन्ना महाप्रबन्धक जयवीर सिंह ने किसानो को समिति के नये गन्ना सदस्य बनने, उपज बढोत्तरी रसीद कटवाने, आने वाली असौजी गन्ना बुवाई में नई प्रमाणित प्रजातियो की बुवाई करने, गन्ने के साथ सहफसली खेती के लाभ आदि के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में एरिया मैनेजर दुष्यन्त त्यागी, जौन इंचार्ज उदयवीर सिंह, ब्लाक इंचार्ज हरेन्दर सिंह, मनमोहन सिंह व भाजपा मण्डल अध्यक्ष रविन्दर चौहान व अन्य गणमान्य किसान उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को जाट महासभा ने दी श्रद्धांजलि



**मथुरा।** पूर्व गवर्नर सत्यपाल सिंह मलिक का दिनाँक 5 अगस्त को निधन हो गया था। जिसे लेकर अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन प्रदेश सचिव शिव. राज सिंह के निवास पर किया गया। राजेश चौधरी ने बताया कि मलिक साहब ने किसानों और समाज की आवाज को समय समय पर उठाया किसानों के हित में सत्ता और सरकार से टकराव भी लिया लेकिन सत्ता के दवाब में ना झुके और ना ही दवाब में आये। प्रदेश सचिव शिवराज सिंह ने सतपाल मलिक को किसानों का सच्चा हितैषी बताया। जिला उपाध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह ने श्रधांजलि अर्पित कर मलिक साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी ने बताया मलिक साहब चौधरी चरण सिंह के सच्चे अनुयाई थे। ब्लॉक अध्यक्ष राया सतवीर सिंह ने श्रधांजलि देते हुए मलिक साहब एक ईमानदार और सच्चे राष्ट्र भक्त थे कैप्टन विक्रम सिंह अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ने मलिक साहब को स्पष्टवादी, प्रखर वक्ता बताया। श्रधांजलि सभा में दिगंबर सिंह, देशवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, जित. ेंद्रसिंह हिंडोल, राजवीर सिंह नौहवार, नेत्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो होगी कुर्की की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मथुरा के आदेश पर गोवर्धन थाना पुलिस की कार्रवाई झमरी झज्जर हरियाणा निवासी आरोपी रामवीर की बीएनएसएस की धारा में वारंट की कार्रवाई की जा चुकी है। इस प्रक्रिया में आरोपी के मकान पर नोटिस भी चस्पा किए गए हैं। न्यायालय के आदेश पर की गई कार्रवाई के बाद यदि आरोपी रामवीर नियत समय से न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। थाना गोवर्धन पर उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज है।

# आधुनिक पुस्तकालय की शुरुआत, 25 स्कूलों में ज्ञान की रौशनी फैलाने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत हुई है। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने आज वर्चुअल माध्यम से उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट), अहैड़ा में आधुनिक पुस्तकालय का लोकार्पण किया और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। यह पुस्तकालय आन्नदया फाउंडेशन की ओर से स्थापित किया गया है, जो जिले के कुल 25 चयनित विद्यालयों में इसी तरह की पुस्तकालयों की स्थापना कर रहा है।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विद्यालय परिसर में पहुंचकर फीता काटकर पुस्तकालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया और पुस्तकालय का अवलोकन करते हुए इसे नई शिक्षा संस्कृति की मजबूत नींव करार दिया। आधुनिक लाइब्रेरी की यह अवधारणा छात्रों में 21वीं सदी के कौशल जैसे समस्या समाधान, आलोचनात्मक चिंतन, और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करेगी और इससे कम आयु में ही पढ़ने की आदत का विकास होगा। वहीं उद्घाटन समारोह के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। संवाद के दौरान भावनात्मक क्षण भी देखने को मिले। जब कुछ बच्चे अपनी बात रखते हुए भावुक हो गए, तो जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उन्हें स्नेहपूर्वक दुलारा।

इस दौरान उपस्थित एक नन्हीं बालिका द्वारा राखी बाँधने की इच्छा प्रकट करने पर जिलाधिकारी ने उससे राखी बंधवाकर वातावरण को स्नेहमयी और पारिवारिक बना दिया। यह पुस्तकालय सिर्फ किताबों की अलमारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों की कल्पनाशक्ति को पंख देने वाला एक जीवंत, प्रेरणादायक और समावेशी सीखने का केंद्र है। दीवारों पर रचनात्मक चित्र, भारत का नक्शा, उम्रानुकूल पुस्तकें, स्टडी टेबल, और शांत अध्ययन का वातावरण यह सब मिलकर एक ऐसा माहौल बनाते हैं जहाँ बच्चे न सिर्फ पढ़ते हैं, बल्कि सोचते हैं, समझते हैं और आत्मविश्वास से भरते हैं।

पुस्तकालय हेतु चयनित पुस्तकों में जीवन मूल्यों, प्रेरक कहानियों और बाल मनोविज्ञान आधारित साहित्य को प्राथमिकता दी गई है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन के विज़न को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इन नीतियों में जहां शिक्षा को केवल परीक्षा केंद्रित न रखकर पढ़ने की रुचि, समझ और आनंद को प्राथमिकता दी गई है, वहीं इस तरह के पुस्तकालय बच्चों में ज्ञान के प्रति स्वाभाविक आकर्षण पैदा करते हैं। यह पुस्तकालय न केवल पढ़ाई के प्रति बच्चों की रुचि को बढ़ावा देगा, बल्कि डिजिटल युग में मानव मूल्यों और समझदारी की नींव भी रखेगा।

आन्नदया फाउंडेशन की संस्थापक एवं सीईओ जयश्री गोयल एवं चेयरपर्सन संजय कृष्ण गोयल ने बताया कि प्रोजेक्ट पुस्तकालय, आनंदया फाउंडेशन की प्रमुख नवाचारी पहल है जो बच्चों की बुनियादी साक्षरता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

# जिलेभर में प्रमुख स्थानों पर तिरंगा प्रदर्शनी और हर घर तिरंगा सेल्फी बूथ किए जाएंगे स्थापित

**बागपत।** अभियान के दूसरे चरण में 09 से 12 अगस्त तक जनसंपर्क और सामूहिक गति. विधियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत जिला स्तरीय हतिरंगा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें वृहद तिरंगा मेले और म्यूजिकल कंसर्ट जैसे कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। यह आयोजन जनमानस में देशभक्ति का संदेश फैलाने वाले मंच बनेंगे। जिलेभर में प्रमुख स्थानों पर तिरंगा प्रदर्शनी और हर घर तिरंगा सेल्फी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड कर सकेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राम सिंह हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

**डीएम और एसपी ने राम सिंह के परिवार से संवेदना की प्रकट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने क्योरार पहुंचकर मृतक राम सिंह के परिजनों से मिलकर उन्हें शोक संवेदना प्रकट की। पुलिस ने राम सिंह हत्याकांड के तीन नफर वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

आज जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा मिलक के ग्राम क्योरार पहुंचे जहां उन्होंने कल हुई राम सिंह की हत्या पर उसके परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की और खंड विकास अधिकारी मिलक को शीघ्र से शीघ्र मृतक के परिवार को सरकारी आवास दिलाने के निर्देश दिए और परिवार को जल्द सरकारी मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया।

इस दौरान उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया भी मौजूद रहे। इसी हत्याकांड को लेकर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी राजव. ीर सिंह परिहार मिलक जनपद के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह द्वारा आज 03 नफर वांछित अभियुक्त गण राज. कुमार पुत्र रामचरन, राम रक्षपाल पुत्र रामचरन और विशमवरी पुत्री रामचरन निवासीगण ग्राम क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर



सम्बन्धित मु.अ.स. 333/2025 धारा 352/103 (1)/3(5) बीएनएस को मुखबिर की सूचना के आधार पर क्योरार मोड़ थाना मिलक रामपुर से समय करीब 10:05 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त राजकुमार उपरोक्त की निशा देही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल डण्डा की बरामदगी की गयी है ।

उल्लेखनीय है कि वादी मुकदमा वन्टी पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर तहरीरी सूचना बाबत 06 अगस्त समय करीब 7 बजे सुबह बंटी के पिता रामसिंह गांव के शिव मन्दिर पर सफाई का कार्य करते समय मन्दिर के पास कूड़ा डालते समय अभियुक्तगण राजकुमार पुत्र रामचरन, रामरक्षपाल पुत्र रामचरन और विशमवरी पुत्री रामचरन निवासी गण ग्राम क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर के द्वारा बंटी के पिता को गन्दी गन्दी गालिया देने व विरोध करने पर मारने पीटने जिससे वादी के पिता की मौके पर ही मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में 6 अगस्त को थाना हाजा पर मु.अ.स. 333/2025 धारा 352/103(1)/3(5) बीएनएस बनाम राजकुमार पुत्र रामचरन, रामरक्षपाल पुत्र रामचरन और विशमवरी पुत्री रामचरन निवासीगण ग्राम क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# केवलपुर में शिव मंदिर पर हुई मूर्ति स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** तहसील के ग्राम केवलपुर में शिव मंदिर पर मूर्ति स्थापना की गई जिसमें शिव भक्तों द्वारा पांच गांव में शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा में श्रद्धालु उपस्थित रहे कार्यक्रम में रजनीश कुमार पटेल चेयरमैन गन्ना समिति मिलक ने शिव भक्तों का फूलों से स्वागत किया। क्षेत्र के ग्राम सिलई बड़ा गांव सिंहपुरा ग्राम जोगीठेर ग्राम किशनपुर इनायतपुर में शोभा यात्रा को बहुत धूमधाम से निकला गया और समस्त क्षेत्र वासियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। ग्राम केवलपुर के शिव भक्तों ने शोभायात्रा निकालने के बाद भगवान भोलेनाथ शिव परिवार की मंदिर में मूर्ति स्थापना की और पूजा अर्चना में प्रार्थना की भगवान भोलेनाथ सब पर कृपा बरसाए रखें। सुख शांति दें समृद्धि दें सभी शिव भक्तों ने प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनीश कुमार



पटेल चेयरमैन गन्ना समिति मिलक रहे। शिव मंदिर की कमेटी के सदस्य भूपराम श्रीवास्तव, सतवीर गंगवार, भगवान दास, कन्हैया लाल गंगवार, रामनंदन पटेल, राजीव, हरीश मौर्य, विशंभर सागर, नत्थू लाल मौर्या, ओमप्रकाश गंगवार, कन्हैयालाल कश्यप आदि रहे।

# बाढ़ और बारिश के दौरान गन्ने की फसल की देखभाल में सहयोग के लिए गन्ना विभाग का कंट्रोल रूम संचालित

## किसान बाढ़ या बारिश से प्रभावित गन्ने की फसल को सुरक्षित करने के लिए लें सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** किसानों के जिन खेतों में लगातार बारिश के कारण पानी भर गया है और आसपास जल निकासी संभव है तो खेत से तत्काल जल निकासी के प्रयास करें। लगातार बारिश से मिट्टी के मुलायम होने और हवा के प्रभाव से जिन क्षेत्रों में गन्ना गिर रहा है या गिरने की संभावना है, उन क्षेत्रों में गन्ना गिरने के 24 घंटे के भीतर गन्ना पुनः खड़ा करके बांधने का भी प्रयास करें।

जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्या ने बताया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई में नुकसान की ज्यादा संभावना के दृष्टिगत खेत से पानी उतारने के बाद इसमें कार्बेन्डाजिम या थायोफिनेट



01 लीटर और एनपीके 05 किग्रा से 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से पौधे की बढ़वार बढ़ जाती है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया हुआ कि गन्ने में बाढ़ या बारिश के पानी के भराव से होने वाले नुकसान से बचने और गन्ने से संबंधित किसी भी समस्या या सहयोग के लिए गन्ना विभाग से सहयोग ले सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय और सहकारी गन्ना विकास समितियों पर कंट्रोल रूम स्थापित कराया गया है। जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय का कंट्रोल रूम नंबर 0595 3583973 है। इसी प्रकार सहकारी गन्ना विकास समिति रामपुर का कंट्रोल रूम नंबर 7081202497, सहकारी गन्ना विकास समिति स्वार का 7081202494, सहकारी गन्ना विकास समिति बिलासपुर का 7081202305 और सहकारी गन्ना विकास समिति मिलक का कंट्रोल रूम नंबर 7081202314 है।

## खुशहालपुर की वाधल बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में बिजली व्यवस्था धड़ाम रहने से ग्रामीणों की दुश्वा. रियां बढ़ गई है ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी केबल फॉल्ट और टूटे बिजली के खभो को लेकर नाराज ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की व्यवस्था दुरुस्त न होने पर मसवासी बिजली उप केंद्र पर तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

गांव खुशहालपुर में बीते कई दिनों से बिजली व्यवस्था चौपट है ग्रामीणों का कहना है कि कभी गांव की केबल लाइन में फाइट हो जाता है तो कभी खाम्बो से बिजली व्यवस्था चौपट हो जाती है और कभी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी हो जाने से बिजली व्यवस्था चौपट हो जाती है जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है की गांव में कनेक्शन की भरमार है लेकिन केवल और ट्रांसफार्मर पुराने हैं ट्रांसफार्मर की भी क्षमता नहीं बढ़ाई जा रही है



जिससे अत्यधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर काम छोड़ जाता है और गांव की बिजली आपूर्ति किसी भी समय धड़ाम हो जाती है। गुस्साए ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर बिजली विभाग के खिलाफ एकत्र होकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। आरोप लगाया कि बिजली गर्मी गांव की बादल बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में नाकाम है जिससे बिजली के अभाव में ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। प्रदर्शन करने वालों में युवा भाजपा नेता संजय कश्यप पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह भगवान दास अशोक कुमार विपिन सुनील कुमार, विक्की सिद्धार्थ आदि शामिल रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान की बैठक का हुआ आयोजन

**हर घर तिरंगा यात्रा हरभूत अध्यक्ष के घर पर तिरंगा फहराया जाएगा और एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार नगर मंडल के सरस्वती शिशु मंदिर में हर घर तिरंगा अभियान बैठक का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्या उपस्थित रहे सर्वप्रथम नगर मंडल अध्यक्ष ने स्वागत किया और हर घर तिरंगा यात्रा हरभूत अध्यक्ष के घर पर तिरंगा फहराया जाएगा और एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें स्वार नगर मंडल अध्यक्ष ने सभी सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी ,मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी से कहा कि अपने हर बूथ और घर पर एक तिरंगा फहराता है इस अभियान को सफल बनाते हुए अपने फोटो सरल ऐप पर अपलोड करने हैं जिसमें उपस्थित महेश मौर्या स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, महामंत्री अमित सक्सेना, उपाध्यक्ष कमला आर्य इंद्रपाल, जसवीर सागर, हरि सिंह लोधी, हरीश कुमार मौर्य, अतर सिंह, विनेश मौर्य, मदनलाल मौर्य रिंकू सैनी, स्वरूप सिंह, राजेंद्र दिवाकर, ओमप्रकाश दिवाकर, प्रमोद मौर्या, राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# आनंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एजुकेशन आइकॉन ऑफ द ईयर 2025 से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और अभिनव शैक्षिक पहल के लिए आनंद कॉन्वेंट स्कूल, रामपुर के निदेशक पीयूष प्रकाश सक्सेना को "नेशनल एजुकेशन कॉन्क्लेव" में "एजुकेशन आइकॉन ऑफ द ईयर 2025" से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन जीलंहतरं जंकपनउ, नई दिल्ली में हुआ, जहां यह प्रतिष्ठित सम्मान श्री भ्मपाप टंतजपं द्वारा प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार सक्सेना के निरंतर प्रयासों और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की सराहना में दिया गया। सक्सेना ने न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए कार्य किया है, बल्कि



पर्यावरण संरक्षण, छात्र-केन्द्रित गति. विधियों और संस्कार-आधारित शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहल की है।

इस अवसर पर उन्होंने ने कहा: कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि आनंद कॉन्वेंट स्कूल की पूरी टीम, हमारे समर्पित शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का है। हमारी साझा प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत ने ही हमें इस मुकाम तक पहुँचाया है। यह पुरस्कार हमें और भी प्रेरित करता है कि हम आने वाली पीढ़ियों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में ढालकर समाज के लिए उपयोगी नागरिक बना सकें।

नेशनल एजुकेशन कॉन्क्लेव, जो देशभर के अग्रणी शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और शिक्षण संस्थानों की उपस्थिति में आयोजित हुआ, का उद्देश्य शिक्षा में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व को सम्मानित करना है।

सक्केसेना नेतृत्व में आनन्द कॉन्वेंट स्कूल ने पिछले वर्षों में न केवल शैक्षणिक स्तर पर बल्कि पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल लर्निंग, और नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# पानी में डूबा घुघा नदी का पुल ग्रामीणों का आवागमन हुआ बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तराखंड की पहाड़ियों पर हो रही जबरदस्त वर्ष से मैदानी क्षेत्रों में भी बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है स्थानीय नदियों का जलस्तर भी उफान कर खेतों की ओर चल दिया है जिससे किसानों में। भय का माहौल बना हुआ है।

मंगलवार की देर रात हुई जबरदस्त वर्षा से क्षेत्र जलमग्न हो गया है। खेतों से लेकर खलिहान तक पानी ही अपनी नजर आ रहा है। उत्तराखंड की वादियों पर लगातार हो रही जबरदस्त बारिश से स्थानीय कोसी नदी में भी ऊफान तेज हो गया है। क्षेत्र की नैया नदी और घूघा नदी में भी जल स्तर उफान पर है। मजरा हसन में संपर्क मार्ग पर बना पुल भी पानी में डूब गया है पुल के ऊपर लगभग दो फीट पानी चल रहा है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नदी के पानी से आसपास के खेतों में खड़ी गन्ने और धान की फैसले जल मग्न हो गई है बढ़ते पानी को लेकर किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। लोहड़ी माजरा हसन संपर्क मार्ग पर भी नैय्या नदी का पानी बह रहा है खानपुर उत्तरी और लोहार इनायत गंज की फसलों में नदी का पानी घुस गया है।

# स्वदेशी उत्पादों का हो उपयोग, तो आर्थिक महाशक्ति बनेगा देशः हरीश

## भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने केमरी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**बोले आगामी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ता**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान तभी सफल हो सकता है, जब देशवासी विदेशी वस्तुओं की जगह देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दें।

बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के केमरी मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार और स्टार्टअप के माध्यम से 'मेक इन इंडिया' अभियान को गति दें। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने सभी से आहवान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति यदि यह संकल्प ले कि वह रोजमर्रा की चीजों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देगा, तो यह एक बड़ा आंदोलन बन सकता है। इससे न केवल हमारे कारीगरों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय बाजारों में निर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता की सराहना करते हुए



कहा कि सरकार 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के जरिए पहले ही स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने तिरंगा यात्राओं को लेकर भी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी दिनों में मंडल स्तर पर आयोजित की जाने वाली तिरंगा यात्रा विशाल और भव्य हो। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लगना होगा। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को भी सफल बनाने की अपील की। इस अवसर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यदुवंशी, सत्यप्रकाश लोधी, राजकुमार शर्मा, श्रीपाल चौधरी, कृपाल सिंह, दुर्गेश गंगवार, शिशु पाल लोधी, राहुल कश्यप, सोमपाल मौर्य, महेंद्र पाल, नरेश बाबू, किशोर मौर्य अब्दुल हसन, नवी हसन,रियाजुदीन,गुड्डू, महेरवान उपस्थित रहे।

# प्रकाश मेडिकल के द्वारा कराया गया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर के हाईवे पर स्थित प्रकाश मेडिकल हाल प्रमोद प्रकाश सक्सेना तथा उषा टायर्स के दुकानदार स्वामी विनोद प्रकाश सक्सेना के द्वारा अपने दुकान के सामने नगर हाईवे स्थित पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र तथा नगर के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमोद प्रकाश सक्सेना, विनोद प्रकाश सक्सेना, डॉक्टर नंदन प्रसाद, मनन सक्सेना, नमन सक्सेना, कमल सक्सेना, मानसून सक्सेना, साईयां सक्सेना, समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, कृपाल सिंह, रेहान अल्वी, फुरकान अली, शावेज, चंद्रभान मित्तल, अजय, प्रज्ञान, फरदीन, दीपक, ममता अत्री, प्रांजल अग्रवाल, संकेत सक्सेना आदि रहे।

**ग्राम पंचायत नगलिया आकिल विकास खण्ड सैदनगर में प्रस्तावित शॉपिंग काम्पलेक्स में दुकानों हेतु आवेदन करने की सूचना**

ग्राम पंचायत नगलिया आकिल वि.ख. सैदनगर की भूमि गाटा संख्या 249 पर एक शॉपिंग काम्पलेक्स बनाया जाना है जिसमें 06 दुकानें बनायी जानी प्रस्तावित है। इन दुकानों का आंवटन करने हेतु पात्र एवं इच्छुक आवेदन कर्ता से आवेदन दिनांक 08.08.2025 से 17.08.2025 की सांय 05 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पंचायत घर नगलिया आकिल पर जमा किये जायेंगे।

उक्त शॉपिंग काम्पलेक्स के निर्माण एवं आवंटन हेतु निम्नलिखित शर्ते होगी।

1. प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण कराये जाने हेतु धनराशि की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा निम्न प्रकार से किया जाना प्रस्तावित है।
2. कॉम्पलेक्स में 06 दुकानें निर्मित होंगी जिसका नक्शा बना लिया गया है।
3. कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु आवेदकों एवं आवंटियों से धनराशि इस क्रम में ली जायेगी। आवेदन के समय आवेदक को 1 लाख रूपये का डी.डी. ग्राम पंचायत के नाम देय होगा तथा आवंटन के दो सप्ताह के अन्दर 1.50 लाख रूपये देने होंगे, शेष 1.45 लाख दुकान की चाबी देते समय जना करना होंगे। कॉम्पलेक्स एवं दुकानों का पूर्ण स्वामित्व ग्राम पंचायत का रहेगा आवंटी को केवल किरायेदार की हैसियत से दुकानों मात्र किराये पर ग्राम पंचायत की शर्तों के अनुसार दी जायेगी। उक्त कॉम्पलेक्स के निर्माण में आने वाले व्यय का 10 प्रतिशत ग्राम पंचायत वहन करेगी।
4. आवंटन/कब्जा के एक माह पश्चात आवंटी को अपना व्यवसायिक प्रतिष्ठान सभी निधिक औपचारिकताए पूरा करने पर चालू करना होगा तथा प्रति माह दुकान का किराया 500 रूपये ग्राम पंचायत के ओ.एस.आर. के खाते में जमा करना होगा। लगातार तीन माह तक किराया न देने पर आवंटी का आवंटन स्वतः ही समाप्त माना जायेगा।
5. आवंटियों की दुकान के किराये में प्रति वर्ष मूल किराये का 10 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी।
6. आवंटन की प्रक्रिया में सभी वर्गों को शासनादेशनुसार दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
7. ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित दुकानें तथा जिनके पास निजि दुकाने है उन्हें कॉम्प्लेक्स में कोई दुकान नहीं दी जायेगी।
8. दुकानों के आवंटन में उन आवेदकों के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा जिन्होने ग्राम पंचायत की किसी भी परिसम्पत्ति पर अवैध कब्जा या किसी भी रूप में परिसम्पत्ति को क्षति पहुंचाई है।
9. आवेदक को एक शपथ पत्र इस आशय का देना होगा कि मुझे कॉम्पलेक्स की सभी नियम व शर्ते स्वीकार है और में किसी भी प्रकार का दावा ग्राम पंचायत के विरुद्ध किसी न्यायालय में नहीं करूंगा।

**धर्मेन्द्र सिंह- ग्राम विकास अधिकारी/सचिव सलमा ग्राम प्रधान**
**ग्राग पंचायत नगालिया आकिल वि.ख. सैदनगर रामपुर।**

# नरपतनगर स्वार में स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नरपत नगर विकास खंड स्वार में स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया. शि. विर का शुभारंभ प्रधानाध्यापक फिरासत हुसैन द्वारा किया गया। प्रथम सत्र में स्काउट गाइड प्रार्थना तथा बीपी सिक्स व्यायाम प्रशिक्षक गुरप्रीत सिंह द्वारा सिखाया गया।

तत्पश्चात प्रतिभागियो को कुशल राणा द्वारा स्काउट-गाइड का इतिहास, स्काउट गाइड नियम, झंडा गीत व प्रतिज्ञा के बारे में बताया गया।प्रथम दिन निदा खुशनूद द्वारा ध्वज शिष्टाचार और प्राथमिक



चिकित्सा के बारे में बताया गया।ज्योति खुराना द्वारा गांठ बंधन बच्चों को सिखाए गए।शिविर में सहयोग हेतु सुषमा तोमर उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनूद, प्रधानाध्यापक फिरासत हुसैन,शिविर प्रशिक्षक गुरप्रीत सिंह, प्रशिक्षिका कुशल राणा, ज्योति खुराना ,सुषमा तोमर, अभिषेक पाठक, रोहित धीमान आदि मौजूद रहे।

# मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने पुलिस चौकी में रक्षा सूत्र बांधकर मनाया राखी का पर्व

## माथे पर तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भाई बहन के अटूट प्रेम, सौहार्द के प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व को मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनों के द्वारा सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले भाई जो अपनी सेवा के चलते अपने घर नहीं जा पाते पुलिस में ऐसे भाईयों की कलाई पर तथा मसवासी चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला व पूरे स्टाफ के रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व मनाया गया ।

गुरुवार को दुर्गावाहिनी की प्रांत शक्ति साधना प्रमुख एकता गुप्ता , जिला संयोजिका मानसी सक्सैना , जिला शक्ति साधना केंद्र प्रमुख खुशबू , प्रखंड संयोजिका निशा



कांबोज , मातृशक्ति संयोजिका निशा आर्य कामिनी इत्यादि बहनों के द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व मनाया। भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के बाद बहनों ने तिलक किया और उनके लंबी दीर्घायु की कामना की भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किया। इस मौके पर विहिप नेता अर्जुन गुप्ता, आकाश मौर्य, संजय पाल, सोनू मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## सड़क गड्ढा मुक्त कराने के लिए प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कनैटा चुंगी से फूलपुर बीझलपुर जाने वाली कच्ची सड़क पर जलभराव के कारण स्कूली बच्चे और ग्रामीण परेशान हैं। गुरुवार को समस्या को लेकर प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द समाधान की मांग की गई। यह सड़क कनैटा चुंगी से फूलपुर बीझलपुर को जोड़ती है। जिससे झुडी माफी, झुड़ी खादर, रुद्रपुर, कनैटा,कनैटा की मंडियां, पहाड़पुर बक्काल, सुमाठेर, बहापुर सहित 12 से अधिक गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं।प्रदर्शनकारियों छात्र-छात्राओं ने बताया कि सड़क पर जलभराव और डेढ़ फीट से ज्यादा गहरे गड्ढों के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात होने पर नगर का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। इससे स्कूली बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं और उन्हें एलर्जी जैसी समस्याएं भी हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव की वजह से कई बार मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। स्कूली बच्चे भी कई बार कीचड़ में गिरकर स्कूल जाने के बजाय घर लौटने पर मजबूर हो जाते हैं।प्रदर्शन करने वालों में पुष्पेंद्र कुमार, सचिन, नागेंद्र कुमार, अंकित कुमार, चंद्रसेन, गौरव कुमार, विकास कुमार, भूमिका ने जल्द सड़क बनाने की मांग की है। जब इस बारे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि सड़क में जो गड्ढे हैं उन्हें जल्द ही भरवाया जाएगा। जल निकासी की व्यवस्था भी की जायेगी।

## एसआरएस स्कूल को मिला 'एजुकेशन आइकॉन' अवार्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 06 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन 2025 में गजरौला नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल को 'एजुकेशन आइकॉन ऑफ द ईयर 2025' पुरस्कार से सम्मानित किया

**■ राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में मिली उपलब्धि**

गया। आइबीएम के सीएसआर हेड संदीप गुलाटी ने विद्यालय के प्रबंध निदेशक वीरेन्द्र सिंह व निदेशक पुनीत सिंह को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और समग्र छात्र विकास के लिए दिया गया। इस उपलब्धि पर प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र सिंह ने कहा, कि यह पुरस्कार हमारे विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के विश्वास, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करना हम सबके लिए गर्व की बात है। निदेशक पुनीत सिंह ने कहा कि, यह सम्मान हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। हम ऐसा शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो केवल पढ़ाई तक सीमित न हो, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और वैश्विक दृष्टिकोण पर भी बल देता हो। यह उपलब्धि हमारे पूरे विद्यालय परिवार के संयुक्त परिणामों का प्रतिफल है। वहीं विद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन गुरुबचन सिंह ने प्रबंध कार्यकारिणी, प्रधानाचार्य, स्टॉफ, छात्रों एवं अभिभावकों को बधाई दी और निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया।

## अब तक भी जो हरा है वह झंडा नबी का है...

### पैगाम-ए-अमन कमेटी की ओर से नातिया महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पैगाम-ए-अमन कमेटी के संयोजन में बुधवार रात मोहल्ला नल स्थित अधिवक्ता मंसूर अहमद के आवास पर महफिल-ए-नात का आयोजन किया गया। शायरों ने रसूले खुदा की शान में एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर श्रोताओं की खूब दाद हासिल की।

महफिल की शुरुआत हाफिज गुलाम मुर्तजा ने तिलावत-ए-कुरान से की। इसके बाद शायरों के कलाम पेश करने का सिलसिला शुरू हुआ। प्रोफेसर नाशिर नकवी ने पढ़ा... मजा आता है हमको इल्म की दौलत लूटाने में, इजाफा और होता है मुहम्मद के खजाने में। पंडित भुवन शर्मा भुवन अमरोहवी ने अकीदत को यूं पिरोया... तफरीक तो मजहब की बस एक बहाना है, जो याद करे उनको काम उसके वो आएंगे। मौलाना साद अमरो. हवी यूं नमूदार हुए... दुनिया के सारे झंडों की रंगत बदल गई, अब तक भी जो हरा है वह झंडा नबी का है। मेहरबान सैफी ने फरमाया. ..जहे नसीब मैं इतना अमीर हो जाऊं, रसूले पाक के दर का फकीर हो जाऊं। इनके अलावा महफिल में कासिम अमरोहवी, अनीस अमरोहवी, इकरार सैफी, हाफिज गुलाम मुर्तजा, मोहम्मद नसीम आदि ने भी बारगाह-ए-रिसालत में नाते नबी का नजराना पेश किया। सलात-ओ-सलाम और दुआ के बाद महफिल का समापन हुआ। अध्यक्षता पटियाला यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सैय्यद नाशिर नकवी ने की जबकि संचालन हाजी खुर्शीद अनवर ने किया। इस दौरान हाजी महबूब हुसैन जैदी, सरताज आलम मंसूरी, उवैस मुस्तफा रिजवी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, हाजी नासिर फारूक, अली इमाम रिजवी एडवोकेट, फैज आलम राईनी, इकराम हुसैन जैदी, मरगूब सिद्दीकी, फहीम शाहनवाज, शाहरुख खान एडवोकेट, अदनान मसरूर, यासिर अंसारी, जफर शाह खां, गुफरान खान, सूफी निशात सिद्दीकी, अफसार बख्श, हससान शेख, वसीम जैदी, सरकार आलम, आलम खां आदि मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से जूस विक्रेता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। जूस विक्रेता को बाइक ने पीछे से टक्कर मार के घायल कर दिया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव गलसुआ निवासी नवाजिश पुत्र खालिद सम्भल दिशा की ओर से अपनी जूस की ठेली को लेकर घर को लौट रहा था। नवाजिश जब मैरिज हॉल के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही बाइक ने उसकी ठेली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नवाजिश उछलकर दूर जा गिरा तथा घायल हो गया। राहगीरों ने नवाजिश को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद नवाजिश को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर दिया गया।

## विवाद में साथी छात्रों ने छात्र पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मामूली विवाद होने के बाद छात्र को सहपाठियों ने पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल छात्र को मेडिकल के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी निवासी उबैद पुत्र इस्लाम किसान इंटर कॉलेज ताहरपुर में हाई स्कूल में पढ़ता है। गुरुवार की दोपहर छात्र अपने सहपाठी से कॉपी मांग रहा था। उसका आरोप है कि क्लास मॉनिटर अरुण ने मामूली कहा सुनी होने के बाद उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। लंच में मॉनिटर ने कई अन्य छात्रों के साथ मिलकर उबैद के सर में धारदार वस्तु से हमला कर उसे पूरी तरह से घायल कर दिया। कॉलेज में मारपीट होने के अफरा तफरी मच गई। गंभीर अवस्था में छात्र घर पहुंचा तथा परिजनों को पूरा वाकया सुनाया। उसके बाद परिजन घायल छात्र को लेकर कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद घायल छात्र को मेडिकल के लिए भेजा है।

## शिशुओं के लिए सर्वोत्तम आहार है मां का दूध



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय के अधीन विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक सप्ताह से चले आ रहे विश्व स्तनपान सप्ताह-2025 का समापन हो गया। इस दौरान विम्स के शिशु एवं बाल रोग विभाग एवं गाईनी विभाग के संयुक्त तत्वांवधान में वरिष्ठ चिकित्सकों, मेडिकल/नर्सिंग प्रोफेशनल्स एवं मेडिकल छात्र-छात्राओं ने क्विज कम्पीटीशन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन, डिबेट कम्पटीशन समेत कई कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस एवं महिला रोगियों को स्तनपान का महत्व बताते हुए अपने शिशुओं को 'स्तनपान' कराने के लिए प्रेरित किया। बृहस्पतिवार को वेंक्टेश्वरा संस्थान के हॉस्पिटल ब्लॉक में 'विश्व स्तनपान सप्ताह-2025' की 'क्लोजिंग सेरेमनी' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रति कुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, मुख्य चिकित्साधीक्षक डा.सुरेश जी मेहता, पीडिया विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश बंसल आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रतिकुलाधिपति डॉ0राजीव त्यागी ने कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे के साथ मिलकर, विश्व स्तनपान सप्ताह-2025 में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. ेताओ को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ ओर्थो सर्जन डॉ0नजमुल हुदा, स्त्री रोग विभागाध्यश डॉ0 रेहाना हुदा, डॉ0बी0एन0 सिंह, डॉ0श्वेता सिंह, डॉ0अजय परवर्धन, डॉ0 शहजाद, डॉ0वारिस बिलाल, डॉ0 रुफीदा, डॉ0 अंकिता, डॉ0 रिषभ बत्रा, डॉ0 राजामहात्री, एस0 कृष्णा, जनसंपर्क अधिकारी डा.श्रीराम गुप्ता, सचिन कुमार, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप मेहरोत्रा, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वार।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर व कोतवाली प्रभारी प्रदीप मलिक के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को चलाये गए अभियान में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मन्सूरपुर रोड पर झाड़ियों के पास बने खंडर से अभियुक्त अविनाश मौर्य पुत्र स्व विजय सिंह निवासी बिजारखाता को उसके पास एक तमंचा 12 बोर व 12 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की है।गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0अजय कुमार शुक्ल,का0विकास कुमार, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिले में किसानों की सहमति के आधार पर चकबंदी कराने के लिए चकबंदी आयुक्त ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** चकबंदी आयुक्त भानुचंद्र गोस्वामी ने वर्चुअल बैठक के दौरान जनपद रामपुर में प्रथम चक्र की चकबंदी से छूटे गांवों में नियमानुसार चकबंदी कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें प्रथम चक्र की चकबंदी हो चुकी है परंतु ग्रामवासी पुन: चकबंदी कराना चाहते हैं तो गांव में खुली बैठक कराकर प्रस्ताव तैयार करके चकबंदी मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

# एसडीएम व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की व्यापारियों संग बैठक आयोजित

■ हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने वालों को शीघ्र अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी राजकुमार भास्कर के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय कोतवाली में नगर के व्यापारियों एवं दुकानदारों के साथ बैठक कर नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की जद में आई दुक. ानों और मकानों के संबंध में अतिक्रमण हटाने के लिए चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि चिन्हित संपत्तियों को संबंधित व्यक्ति 11 अगस्त तक स्वयं तोड़ना शुरू कर दें जिन्होंने अभी तोड़ना शुरू नहीं किया है 11 अगस्त के बाद विभाग द्वारा ध्वस्थिकरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट से राहत प्राप्त करने वालों के साथ किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं की आएगी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग हाईकोर्ट से किसी प्रकार का आदेश कराकर लाए हैं वह सभी अपनी संपत्ति के आवश्यक अभिलेखों के साथ उस आदेश की प्रति विभागीय कार्यालय में शीघ्र जमा कर दें ताकि उन अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद नियमानुसार उसके निस्तारण की कार्यवाही की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग अपनी आराजी से अवैध अतिक्रमण हटवाना चाहता है,इसलिए जिन लोगों की संपत्ति पैमाइश के बाद अतिक्रमण की जद में आई है और चिन्हित की गई है,वे स्वयं अतिक्रमण हटाना शुरू कर दें क्योंकि खाली कराई गई आराजी पर मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि नालों को पीछे कराया जाएगा। अगर किसी की निजी आराजी नहीं ली जाएगी। अगर किसी कारणवश जरूरत पड़ती है, तो नियमानुसार अधिग्रहण कर उसका शासन से उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। फिलहाल विभाग अपनी चिन्हित की हुई आराजी को निकाल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार नक्शे के मुताबिक पैमाइश कराई गई है, यदि फिर भी किसी को कोई आपत्ति हो तो वह एसडीएम कार्यालय या लोकनिर्माण विभाग कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराकर समस्या का समाधान करा सकता है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग केवी सिंह ने बताया कि नगर के टांडा लालपुर मार्ग की भी पैमाइश एवं चिन्हीकरण का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एक दो दिन के बाद प्रभारी निरीक्षक द्वारा मुख्य मार्ग पर भ्रमण कर लोगों से चिन्हित की गई सरकारी आराजी को तोड़ने की अपील की जाएगी। 11 अगस्त के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी नगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर यह जायजा लेंगे कि किन लोगों ने अभी तक चिन्हित की गई आराजी को स्वयं तोड़ना शुरू नहीं किया है, यदि नहीं किया गया है तो उन संपत्तियों की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

उधर व्यापारियों ने समानता के आधार पर पैमाइश कराने की मांग की, साथ ही जिन व्यक्तियों की एक-डेढ़ फीट आरजी चिन्हित की गई है उनके साथ रियायत का मामला बरतने की मांग की गई। साथ ही स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ समय प्रदान किए जाने की भी मांग की गई।व्यापारियों का कहना था कि मुख्य मार्ग पर कई-कई मंजिला भवन बने हुए हैं,जिनको अतिक्रमण के लिए चिन्हित किया गया है। उनको तोड़ने में थोड़ा समय लगेगा। इसलिए कुछ और समय प्रदान किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजकुमार भास्कर,लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केवी सिंह,सहायक अभियंता उदयपाल सिंह, भव्यनिधि, अवर अभियंता मोहम्मद आजम, विश्वास कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहित अपना दल एस के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकीक एडवोकेट, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील,हाजी मुशर्रफ अली,आशीष कुमार वर्मा,अब्दुल रशीद, अब्दुल समद,सलीम कसगर,अश्वनी कुमार वर्मा,हाजी वहाब,अहमद नबी सैफी, सभासद एम सगीर,तस्लीम पहलवान, हाजी जबूर, हाजी हनीफ उद्दीन,राहत अली, जुल्फिकार अली आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टाण्डा/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को तहसील में उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को विभिन्न समस्याओं पर आधारित ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को किसी भी सहकारी समिती पर उसकी जरूरत के अनुसार यूरिया खाद नहीं मिल रहा है।पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है।किसानों को 10 घण्टे बिजली आपूर्ति दिलाई जाए। ग्राम बादली से खुशहालपुर तक की सड़क काफी बुरी स्थिती में है इन सड़क का चौडीकरण के साथ निर्माण कराया जाए। ग्राम हमीरपुर मंझरा खुशहाल. पुर में गाँव की छतों के ऊपर से 11 हजार की जर्जर विद्युत लाइन गुजर रही है, जिससे हर समय हादसे का अंदेशा रहता है। जर्जर विद्युत लाइन को बदलकर एवं घरों की छतों से अलग शिफ्ट किया जाए। टाण्डा में अतिक्रमण की जद में आई दुकानों और मकानों को सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा स्वयं तोड़ा जा रहा है,जल्दबाजी में कोई बड़ा हादसा न हो जाये इसलिए अतिक्रमण हटाने हेतु समय बढ़ाया जाए।क्षेत्र में हल्का लेखपालों को किसानों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर शीघ्र समाधान करने को निर्देशित किया जाए। क्षेत्र के ग्राम खजुआ खेड़ा में अक्सर घरों का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे नवनिर्मित मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है। जल निकासी की व्यवस्था कर सड़क पर पानी छोड़ने से रोका जाए।


### आवश्यकता है

अब्दुल रज्जाक मोडर्न वैलफेयर एजुकेशनल सोर्साटी जोया द्वारा संचालित

**अब्दुल रज्जाक (पी.जी.) में**

| | |
|---|---|
| बी.एड. में प्रवक्ता | 06 पद |
| गृहविज्ञान | 01 पद |
| एम.ए. अंग्रेजी | 02 पद |
| कॉमर्स | 02 पद |

**अब्दुल रज्जाक लॉ कालेज में**

| | |
|---|---|
| प्रवक्ता | 03 पद |
| प्राचार्या | 01 पद |

उपरोक्त प्राचार्या एवं प्रवक्ता के लिए सम्बन्धित (पी.जी.) कोर्स 55 प्रतिशत के साथ नेट/पी.एच.डी. तथा प्राचार्या के लिए 15 वर्ष का अनुभव।

प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर सचिव के नाम रजि. डाक द्वारा आवेदन करें।

8909481128, 9720020220


## अधिवक्ता बसंत कुमार बने नगर पालिका के लीगल एडवाइजर



शाह टाइम्स संवाद दाता

मिलक /रामपुर। तहसील मिलक के अधिवक्ता बसंत कुमार सागर नगर पालिका परिषद मिलक का लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद मिलक अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने तहसील जिला के अधिवक्ता बसंत कुमार सागर को तहसील मिलक का लीगल एडवाइजर नियुक्त किया है। जो तहसील मिलक में लंबित मामलों में पालिका का पक्ष रखेंगे लीगल एडवाइजर अधिवक्ता के तौर पर नियुक्त होने अधिवक्ता बसंत कुमार को भाजपा नेता और समाजसेवी कु. नरेंद्र सिंह गंगवार और सभी नगर वासियों क्षेत्र वासियों की ओर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर उनके परम मित्र सहयोगी चंद्रभान मित्तल, प्रशांत गंगवार पटेल, भूपराम पटेल, हरीश गोस्वामी एवं अन्य लोक उपस्थित रहे।

## चेयरमैन ने तालाबों नालों के पास न जाने की लोगों से की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर के चेयरमैन फैजान खां ने नगरवासी व क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक बरसात के चलते जल का स्तर बढ़ने से नदी और तालाबों खेतों में बहुत अधिक जल भरा हुआ है। जिससे नदी तालाबों से दूर रहने को कहा वही साथ ही बच्चों को भी नदी तालाबों पर न जाने की हिदायत दी।नगर के मोहल्ले गली वार्डो की बनी नालियां व सड़कों पर साफ सफाई बनाए रखने को भी अपील की यदि वार्डो, मोहल्लों,गलियों में सफाई कर्मी सफाई नहीं कर रहे हो तो नगर पंचायत से शिकायत कर सकते है क्योंकि अधिक गंदगी होने से बीमारियां बढ़ने का खतरा बना रहता है।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू. डि.) अमरोहा।**

मूलवाद संख्या 181/2025

नाजमीन फात्मा पत्नी जफर मुजतबा निवासी मोहल्ला बंगला नौगांवा सादात तहसील नौगांवा सादात जिला अमरोहा।

**बनाम**

जनता आम जनपद अमरोहा।

हरगाह वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बाबत उद्घोषणा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 20 माह 08 सन् 2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाबदे. ही करें। आपको लाजिम है कि उसे रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

**प्रबंधक**

न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) अमरोहा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू. डि.) अमरोहा।**

मूलवाद संख्या 182/2025

सैयद जफर मुजतबा पुत्र सैयद अम्मार हैदर निवासी मोहल्ला बंगला नौगांवा सादात तहसील नौगांवा सादात जिला अमरोहा।

बनाम

जनता आम जनपद अमरोहा।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत उद्घोषणा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 20 माह 08 सन् 2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाबदे. ही करें। आपको लाजिम है कि उसे रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

**प्रबंधक**

न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) अमरोहा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि.) अमरोहा।**

वाद संख्या 245/2025

अजब सिंह पुत्र बालमुकन्द निवासी ग्राम हाजीपुर तहसील स्याना जिला बुलंदशहर।

बनाम

अनीता उर्फ सुनीता पत्नी अशोक निवासी ग्राम चांदनेर थाना बहादुरगढ़ तहसील गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 08 माह 09 सन् 2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाबदेही करें। आपको लाजिम है कि उसे रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

**प्रबंधक**

न्यायालय सिविल जज (सी. डि.) अमरोहा।

### ग्राम पंचायत ढयोटी, विकासखण्ड धनौरा, जनपद-अमरोहा

**सार्वजनिक नीलामी सूचना - सामुदायिक भवन का मलबा**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढयोटी विकासखंड मंडी धनौरा में स्थित सामुदायिक भवन हाल ही में भारी वर्षा के कारण गिर गया है। उक्त भवन के ईंट, सरिया, छज्जा आदि मलबे की सार्वजनिक नीलामी ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही है।

नीलामी का विवरण इस प्रकार है:

स्थान: ग्राम पंचायत भवन, ढयोटी

तिथि: 18 अगस्त 2025

समय: दोपहर 12:00 बजे

नीलामी की वस्तु: गिरे हुए भवन का मलबा (ईंट, सरिया, छज्जा, अन्य सामग्री)

**शर्तें:-**

नीलामी खुले मंच पर बोली के माध्यम से की जाएगी।

अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को ही मलबा हटाने का अधिकार प्राप्त होगा।

सफल बोलीकर्ता को नीलामी राशि का भुगतान तत्काल करना होगा।

मलबा हटाने का कार्य निर्धारित समयसीमा में स्वयं करना होगा।

पंचायत का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

महत्वपूर्ण सूचना:

इच्छुक व्यक्ति नीलामी से एक दिन पूर्व तक भवन स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ढयोटी

सचिव
ग्राम पंचायत ढयोटी

**विकास खण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा**

# बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया: लवलीना

● ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर बोली: जूम पर मुझसे कहा-सिर नीचे करो जैसा हम कहते हैं वैसा करो

● विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा- कि मुझे बदनाम किया जा रहा है



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बाक्सिंग एसोसिएशन (बीएफआई) के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। 27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा कि कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टाप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।श इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टाप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं। लवलीना बोरगोहन ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टाप्स, आईओए और बाक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा कि मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं। उन्होंने लिखा कि मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बाक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है। लवलीना ने आगे लिखा कि 8 जुलाई को बीएफआई और टाप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा-चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो।

उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था। लवल. ीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं। विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा कि मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी। पहली-हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था कि टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बाक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा।

अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है। दूसरी- हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम काल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बाक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में नहीं लाया जाएगा

● खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया, सरकारी फंड लेने वाले फेडरेशन पर नियम लागू

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है।

हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बाडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं। संसद में इस बिल को जीपीसी में भेजने की मांग भी उठी है। क्लाज 15 में बदलाव किया गया है पिछले महीने लोकसभा में पेश बिल के क्लाज 15(2) में कहा गया था कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। बदले गए प्रावधान में लिखा है कि सिर्फ वे संस्थाएं आरटीआई के दायरे में आएंगी, जो सरकार से फंड या मदद लेती हैं।

अब सरकारी धन से चलने वाले संगठनों पर ही आरटीआई लागू होगा। इसका मतलब यह हुआ कि बीसीसीआई अब आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि सरकारी मदद सिर्फ पैसे तक सीमित नहीं है। अगर किसी खेल संगठन को इवेंट कराने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर या कोई और सुविधा मिलती है, तो उसे भी आरटीआई के तहत लाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने इंडिया 'ए' को 13 रन से हराया

**मकाय, वार्ता।** अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

### नेरोका एफसी और इंडियन नेवी ने खेला गोलरहित ड्रॉ

**इम्फाल, वार्ता।** नेरोका एफसी और इंडियन नेवी एफटी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप एफ में खुमान लम्पक मेन स्टेडियम में कड़े मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेला और एक-एक अंक अर्जित किया। कई मौकों और आशा. जनक क्षणों के बावजूद, दोनों टीमें इस मैच में निर्णायक मोड़ लेने में नाकाम रहीं, जिसमें मिडफील्ड की लड़ाई और रक्षात्मक संगठन पर जोर था। नेरोका के मुख्य कोच ज्ञान मोयन ने इम्फाल डर्बी से अपनी शुरुआती एकादश में तीन बदलाव किए और 4-2-3-1 की फॉर्मेशन में बदलाव किया। जेटली सोरोखैबम गोलकीपर के रूप में आए, गोटीमायुम मुक्तसना को मिडफील्ड की भूमिका सौंपी गई, और ब्राजीलियाई लुकास दा सिल्वा ने डिफेंस में जगह बनाई।

# भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में

● ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम सितम्बर में लखनऊ में भारत 'ए' के खिलाफ दो लाल गेंद के चार दिवसीय मैच खेलेगी

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारतीय दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुना है।

ऑस्ट्रेलियाई ए टीम सितंबर में लखनऊ में भारत ए के खिलाफ दो लाल गेंद के चार-दिवसीय मैच खेलेगी। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के 2027 की टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को टीम में जगह दी है। इसके अलावा ओपनर कैम्पबेल केल्लावे भी इस टीम में शामिल हैं। हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन, मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्राफ्ट और मैट रेनशॉ को टीम में जगह नहीं मिली है। राष्ट्रीय चयनकर्ता ने यह टीम स्पष्ट रूप से युवा खिलाड़ियों को भारतीय परिस्थितियों का अनुभव देने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से चुनी है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को जनवरी-फरवरी 2027 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा करना है। तब तक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया की टॉप-6 की संरचना कुछ अलग हो सकती है क्योंकि उस समय तक उस्मान ख्वाजा के खेलने की संभावना नहीं है और स्टीवन स्मिथ भी 2027 में 38 वर्ष के हो जाएंगे। 2023 में भारत में चार टेस्ट में 14 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को टीम में शामिल किया गया है, एक अन्य ऑफ स्पिनर कोरे रॉकीचियोली को भी मौका मिला है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कॉनोली भी उपमहाद्वीप में कुछ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सीम गेंदबाजी ऑलराउंडर ऐरन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसमें जैक पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टलेट को भी इस दौरे के लिए चुना गया है।

# मैंने ऋषभ पंत से माफी मांगी: क्रिस वोक्स

जवाब मिला कि फिर से मैदान पर मिलेंगे, भारतीय विकेटकीपर के पैर में फ्रैक्चर हुआ था



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के आलराउंडर क्रिस वोक्स ने ऋषभ पंत से अपनी बातचीत का खुलासा किया है। वोक्स ने द गार्जियन को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से माफी मांगी थी, जिसके बाद वे अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। वोक्स और पंत दोनों ही सीरीज के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर उतरे थे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवें टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में पंत चोटिल हो गए। क्रिस वोक्स की यार्कर पर पंत ने रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर जूते पर जा लग गई। इसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर पंत ने लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी की और 54 रन की पारी खेली। यह मैच बराबरी पर छूटा था। वोक्स ने कहा कि मैंने देखा कि ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी, तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। फिर पंत ने मुझे एक वाइस नोट भेजा, जिसमें कहा- उम्मीद है सब ठीक होगा, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे।, इसके बाद मैंने मैंने टूटे हुए पैर के लिए उनसे माफी मांगी। गिल ने मुझसे कहा-आपने अविश्वसनीय बहादुरी दिखाई वोक्स ने यह भी कहा कि 5वें टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए आने पर भारतीय कप्तान गिल ने उनकी सराहना की थी।

# उत्तर क्षेत्र की कमान गिल को




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए उत्तर क्षेत्र की कमान सौंपी गई। चयनकर्ताओं ने आज शुभमन गिल की अगुवाई में दलीप ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस दौरान हुए विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर भारतीय टीम की सीरीज और दलीप ट्रॉफी मैचों का आपस में टकराव होता है तो शुभमन गिल की जगह शुभमन रोहिता, अर्शदीप सिंहे की जगह गुरनूर बरार तथा हर्षित राणा की जगह अर्जुन ठकराल उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलेंगे। दलीप ट्राफी के लिए उत्तर क्षेत्र टीम इस प्रकार है: कि शुभमन गिल (कप्तान), शुभमन खजुरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदौनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोतरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज,अुकब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)।

# टीम इंडिया के प्रदर्शन के कायल हुए गैरी

● कहा: भारत ने जिस तरह सीरीज में बराबरी की, उसे देखकर रोमांचित हूं



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत की 2011 की विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे गैरी कर्स्टन ने क्रिकेट पर ज्यादा सवालों के जवाब तो नहीं दिए, लेकिन इतना जरूर कहा कि जिस तरह भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रा खेली उसे देखकर वह रोमांचित हैं। भारत ने द ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर शानदार अंदाज में सीरीज बराबर की। जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने के कगार पर ला खड़ा किया था, लेकिन पांचवें दिन दबाव में धारदार गेंदबाजी से भारतीय गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया। अंतिम दिन की शुरुआत में, इंग्लैंड को चार विकेट शेष रहते केवल 35 रनों की आवश्यकता थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी पहली दो गेंदों पर दो चौके खाये , जिससे भारतीय उम्मीदें कुछ देर के लिए डगमगा गईं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने अपनी अदम्य ऊर्जा से, जेमी स्मिथ को एक ऐसी गेंद पर आउट करके मैच का रुख बदल दिया जो देर से सीम करती हुई आई थी, और अगली ही गेंद पर गस एटकिंसन को लगभग आउट कर दिया था। इसके बाद सिराज ने अपने अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, गेंद लेग स्टंप से थोड़ा छूकर गई थी-रिव्यू पर अंपायर का फैसला बरकरार रहा। प्रसिद्ध जोश टंग की परीक्षा लेने के लिए लौटे, उन्हें लगभग एलबीडब्ल्यू आउट कर ही दिया था, लेकिन रिव्यू ने टंग को कुछ समय के लिए बचाए रखा। हालांकि, कुछ ओवर बाद उन्होंने तेज़ गेंदबाजी करते हुए टंग को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड के नौ रन पर नौ विकेट गिर गए। जब 11 रन की ज़रूरत थी, तब इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद क्रिस वोक्स पर टिकी थी, जो कंधे की चोट के बावजूद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे और सभी को चौंका दिया। एटकिंसन ने उन्हें बचाने की को. शिश की, यहां तक कि सिराज पर छक्का भी जड़ दिया। लेकिन यह प्रतिरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। सिराज ने एटकिंसन के डिफेंस को भेदते हुए यादगार पांच विकेट हासिल किए और भारत को जीत दिलाई। पूर्व भारतीय कोच गैरी कर्स्टन ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम (इंग्लैंड में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए) और गौतम गंभीर के लिए भी खुश हूं। मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं और इंग्लैंड में एक टीम के रूप में उन्होंने जो हासिल किया है उसे देखकर खुश हूं। गैरी कर्स्टन ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व की सराहना की। कर्स्टन ने कहा कि वह अपने पूर्व छात्र गंभीर और उनकी टीम द्वारा दबाव में हासिल की गई उपलब्धि से 'वास्तव में प्रसन्न' हैं। उन्होंने कहा,''मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारत ने सीरीज जीत ली( मेरा मतलब है, सीरीज़ बराबर कर दी। कर्स्टन ने 2011 विश्व कप में भारत को जीत दिलाई थी और उस टीम में गंभीर भी अहम सदस्य थे।

### अंगद चीमा ने तीसरे राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** चंडीगढ़ के अंगद चीमा (69-67-69) ने अहमदाबाद के केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले कोल इंडिया ओपन के तीसरे राउंड में लगातार तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर बढ़त बना ली। अंगद का कुल स्कोर 11 अंडर 205 है। नोएडा के अमरदीप मलिक (69-65-72) अंतिम राउंड से पहले राउंड में इवन-पार 72 का स्कोर बनाकर कुल 10 अंडर 206 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं । चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फर करणदीप कोचर (69-70- 69) ने गुरुवार को 69 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुणे के उदयन माने, जिन्होंने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाकर सप्ताह की शुरुआत की थी, ने लगातार दूसरे दिन 66 का स्कोर बनाकर शानदार वापसी की और लीडरबोर्ड पर बड़ी बढ़त हासिल की।

# विश्वास और समर्थन बदलाव ला सकते हैं: सानिया मिर्जा, पीवी सिंधु

● भारत ने महिला खेल पोडियम से मुनाफे तक एक कहानी का निर्माण लांच हुई

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय खेलों के इतिहास में यह एक ऐतिहा. सिक क्षण था, जब कैप्री स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द स्पोर्ट्स वीमेन हडल में बहुप्रतीक्षित रिपोर्टकि भारत में महिला खेल: पोडियम से मुनाफे तक – एक कहानी का निर्माण' लॉन्च हुई। केपीएमजी स्पोर्ट्स एडवाइजरी के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट, भारत में महिला खेलों के व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी तरह की पहली गहन पड़ताल है, जिसमें दर्शकों के रुझान, ब्रांड साझेदारी, प्रायोजन डेटा और सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। यह विस्तृत शोध कार्य महिला प्रीमियर लीग जैसी लीगों के तेजी से बढ़ते विकास, सोशल मीडिया पर महिला एथलीटों के बढ़ते प्रभाव और विकसित होते प्रशंसक आधार पर प्रकाश डालता है जो अब उतना ही सक्रिय, लिंग-भेद-रहित और वफ़ादार है। खेल जगत की प्रतिभा की पृष्ठभूमि में, बुधवार की एक शानदार शाम को, इस कार्यक्रम ने न केवल भारतीय खेलों में महिलाओं के उत्थान का जश्न मनाया, बल्कि एक ऐसे उद्योग के भविष्य का भी जश्न मनाया जो एक बड़े बदलाव के कगार पर है। सिंधु, सानिर्या , दीपा और अतीका जैसी सितारों की उपस्थिति में, माहौल भावनाओं, गर्व और उद्देश्य से भर गया।

# सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता, जो मिलना चाहिए: तेंदुलकर

● तेंदुलकर ने अविश्वसनीय सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंम्प के आसपास और अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कहीं




**नई दिल्ली, वार्ता।** लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई।

तेंदुलकर ने 'अविश्वसनीय' मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को 'सटीक फुटवर्क' के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में 'शांत और संयमित' रहने की भी तारीफ की।

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्द्धशतक लगाए, जिनमें आखिरी पारी उन्होंने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के साथ खेली।

उन्होंने 68-42 की औसत और 77-63 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा कि जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं।

यह सब गेंद की लेंथ पर निर्भर करता है। पंत के शॉट खेलने के तरीके और उनमें जो 'पंच' होता है, उसे 'ईश्वर का वरदान' बताते हुए तेंदुलकर ने कहा कि 'कई बार लोग सोचते हैं कि उन्हें यह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है। लेकिन ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए। जब वह मैच बचाने की सोच रहे हो, तो उन्हें एक अलग तरीका अपनाना होगा। लेकिन उन्होंने यह समझ लिया है कि पारी को कैसे खेलना है, यह मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। इस सीरीज में भारत के दो प्रमुख बल्लेबाज़ गिल और राहुल रहे, जिन्होंने क्रमश: 754 और 532 रन बनाए और मिलकर छह शतक लगाए। तेंदुलकर ने बताया कि दोनों बल्लेबाजों का 'सटीक फुटवर्क' इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में देखने लायक था। कप्तान के रूप में गिल का रन योग डॉन ब्रैडमैन के 1936 में बनाए गए 810 रनों के बाद दूसरा सबसे अधिक था।

# निशानेबाजी लीग एक ऐतिहासिक क्षण होगा: रोंजन सोढ़ी

● लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे: सोढ़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपियन रोंजन सोढ़ी भारतीय निशानेबा. जी लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उन्होंने इसे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित ट्रैप निशानेबाजों में से एक, सोढ़ी ने कहा कि 'लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे। भारतीय निशानेबाजी में अब जिस तरह की गहराई है, उसे देखते हुए यह सही कदम है। उन्होंने आगे कहा कि 'यह प्रशंसकों के लिए रोमांचक, युवा निशानेबाजों के लिए बेहतरीन और खेल के लिए बेहद जरूरी होगा। सोढ़ी ने आगे कहा कि इस लीग में भारतीय निशानेबा. जी को बदलने की क्षमता है।

अब यह केवल पदकों के बारे में नहीं है। यह एक संस्कृति के निर्माण के बारे में है। सोढ़ी का मानना है कि युवा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच होने के अलावा, यह लीग खेल की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आप उस खेल से प्यार नहीं कर सकते जिसे आप देखते नहीं। बच्चों को प्रेरित होने के लिए उस खेल को देखना जरूरी है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

# कुदरत की चेतावनी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई आपदा हिमालय में अस्थिरता के स्थाई खतरे की याद दिलाती है। मूसलाधार बारिश के कारण खीर गंगा नदी में पानी, मलबा और कीचड़ का एक बड़ा ढेर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 60 लोगों के बह जाने की आशंका है। बाढ़ ने समुद्र तल से 8,600 फीट ऊपर बसे धराली कस्बे के होटलों और रिहायशी इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज में पानी की विशाल लहरें इलाके से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं, जो लोगों और घरों को अपनी चपेट में ले रही हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कई भारतीय सैन्यकर्मियों के भी मारे जाने की आशंका है।

इस आपदा का अनुमानित कारण 3 से 5 अगस्त तक हुई अत्यधिक भारी वर्षा है, जिसमें उत्तर भारत में मानसून और उसके सक्रिय चरण के कारण जिले के कुछ हिस्सों में एक ही दिन में लगभग 30 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। शहर में आए पानी के प्रकोप और मात्रा से ऐसा लग रहा था कि यह एक अचानक हुई घटना थी, जिसके कारण राज्य के अधिकारियों ने इसे बादल फटना की श्रेणी में डाल दिया। हालांकि, आधिकारिक पूर्वानुमानकर्ता, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी इसे जिस तरह परिभाषित करता है, उसमें इसका एक बहुत ही विशिष्ट अर्थ है। 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में कम से कम 10 सेंटीमीटर की भारी बारिश आमतौर पर बादल फटने की श्रेणी में आती है। इन ऊंचाइयों पर मौसम रडार की कमी का मतलब है कि आईएमडी ऐसी गणना करने में असमर्थ है। इसलिए, यह बहुत संभव है कि पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही भारी बारिश ने मिट्टी को ढीला कर दिया हो और ऊबड़-खाबड़, ऊबड़-खाबड़ इलाके के साथ मिलकर, भारी मात्रा में पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद बहा दी हो। यह एक आकस्मिक घटना थी या धीरे-धीरे बढ़ती घटनाओं का परिणाम, यह केवल अकादमिक रूचि का विषय लग सकता है, क्योंकि इससे जान, आजीविका और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसे बादल फटने के रूप में वर्गीकृत करने से राज्य के अधिकारी खुद को असहाय बता देते हैं। एक बार जब इसे एक अजीबोगरीब घटना के रूप में पेश किया जाता है, तो यह घटना केवल प्रार्थनाओं और गहरी उदासी के रूप में सार्वजनिक अधिकारियों की ओर से सोशल मीडिया पर सहानुभूति और पूर्व-निर्धारित सांकेतिक राशि के वितरण के रूप में ही सामने आती है। हाल के अतीत से पता चलता है कि यह कुछ भी असामान्य नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन ने अत्यधिक वर्षा की घटनाओं की संभावना को बढ़ा दिया है और इसलिए, पहाड़ों में शुरू की गई कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और परिणामस्वरूप मलबा ऐसी वर्षा से उत्पन्न होने वाले गुप्त विस्फोटकों की तरह काम करते हैं। राहत कार्यों के बाद, राज्य सरकार को-जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल हों-जलवायु परिवर्तन से अपरिहार्य क्षति को कम करने के लिए राज्य में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मलबे और गाद के संचय की समीक्षा करनी चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रम्प का विश्वासघाती कदम



ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ लगाकर अमेरिका ने भारत को जो आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का मित्र देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए सम्बंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# पैरोल और फरलो: कानून है या विशेषाधिकार






**रजनीश कपूर**

**राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ( एसजीपीसी ) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल नब्बे दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?**

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का एक आधारभूत तत्व है। संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं, लेकिन जब हम समाज के प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के व्यवहार को देखते हैं, तो यह सिद्धांत कई बार मजाक बनकर रह जाता है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का मामला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बार-बार दी जाने वाली पैरोल और फरलो ने न केवल कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी हिलाकर रख दिया है।

गुरमीत राम रहीम, जिन्हें 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी। पिछले कुछ वर्षों में यह बार-बार जेल से बाहर निकले हैं। 2020 से 2025 तक, उन्हें कम से कम 14 बार पैरोल या फरलो दी गई है, जिसमें कुल मिलाकर 326 दिन जेल के बाहर बिताए गए हैं। हाल ही में, अगस्त 2025 में, उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई, जो उनकी सजा के सात साल के भीतर उनकी तीसरी रिहाई थी। यह पैटर्न न केवल कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानून को अपने पक्ष में मोड़ लेते हैं।

पैरोल और फरलो का प्रावधान हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परेरी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत किया गया है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है, लेकिन राम रहीम के मामले में, ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों अनुयायियों के साथ एक प्रभावशाली संगठन है। अनुमान के अनुसार, डेरे के 90-95 लाख अनुयाई हैं, जो किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक बड़ा वोट बैंक हो सकते हैं। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव, 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव और 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले उनकी रिहाई ने राजनीतिक प्रभाव की आशंकाओं को बल दिया है। यह सवाल उठता है कि क्या यह रिहाइयां कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हैं या राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित कदम?

हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला और अन्य नेताओं ने दावा किया है कि राम रहीम को दी गई रिहाइयां कानून के दायरे में हैं और अन्य कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की जेलों में 5,832 कैदियों में से केवल 2,801 को ही अस्थाई रिहाई मिली थी। यह सवाल उठता है कि क्या सभी कैदियों को इतनी बार और इतने लंबे समय के लिए रिहाई दी जाती है, जितनी राम रहीम को दी गई है?

राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल 90 दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?

राम रहीम की रिहाइयों का प्रभाव केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। उनकी सजा के बाद 2017 में हरियाणा और पंजाब में हुई हिंसा में 40 लोगों की मौत हुई थी और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ऐसे व्यक्ति को बार-बार रिहा करना न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए अपमानजनक है, बल्कि उन गवाहों के लिए भी खतरा पैदा करता है जो अभी भी उनके खिलाफ चल रहे मामलों में गवाही दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, सिरसा आश्रम में नपुंसकता के मामले में अभी भी मुकदमा चल रहा है और उनकी मौजूदगी गवाहों पर दबाव डाल सकती है।

राम रहीम का मामला यह दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपनी पहुंच और रसूख का इस्तेमाल कर कानूनी प्रणाली को अपने पक्ष में कर सकते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है जहां सत्ता और प्रभाव कानून के ऊपर हावी हो जाते हैं। पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य कैदियों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन जब इनका दुरुपयोग विशिष्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, पैरोल और फरलो के नियमों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की आवश्यकता है। रिहाई के लिए ठोस और उचित कारणों को अनिवार्य करना चाहिए और निर्णय प्रक्रिया को स्वतंत्र निगरानी के अधीन रखा जाना चाहिए। साथ ही, राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए, चुनाव के समय में ऐसी रिहाइयों पर रोक लगाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। समय की मांग है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए, ताकि कानून की गरिमा और विश्वसनीयता बरकरार रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## अगस्त में केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अंतरिक्ष में अब लंबी छलांग की तैयारी में है भारत



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

विश्व मंगल की कामना से भारत के ऋषियों ने ऊं द्यौ शांति अंतरिक्षं शांति का उद्घोष किया क्योंकि विश्व के हर मानव की आकांक्षा है- शांति। शांति की खोज में मानव पहाड़ों, जंगलों आदि का भ्रमण करता है और उसकी खोज धन व संसारादि में करता है क्योंकि मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य है, शांति और आनन्द, क्योंकि जहां शांति है वहां सुमित है, जहां सुमति है वहां सम्पन्नता है, जहां सम्पन्नता है वहां विकास की अपरिमित सम्भावनाएं हैं।

इसके विपरीत जहां अशांति है वहां कुमति है, जहां कुमति है वहां कलह और विपन्नता है और जहां कलह और विपन्नता है वहां विकास की संभावनाएं नगण्य हैं। यह सिद्धांत व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और विश्व सभी पर समान रूप से लागू होता है। शांति हेतु शक्ति जागरण, शक्ति संपन्न होना और शक्ति संतुलन आवश्यक है। भारत सर्व मंगल मांगल्ए की भावना से अंतरिक्ष में खोजों हेतु सतत प्रयत्नशील है क्योंकि अंतरिक्ष क्या है? अंतरिक्ष में व्याप्त आकाशीय पिंड किससे बने हैं? उनकी प्रकृति, संरचना, वातावरण कैसा है? उस पर जीवन और मानव-जीवन की संभावनाएं क्या है? आदि अनेक प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित कर, जानने की उत्सुकता पैदा करते हैं।

इस हेतु विश्व की अनेक महान शक्तियों के साथ भारत ने भी अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत की है और भारत अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में जुटा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपनी लगन, मेहनत और तकनीकी क्षमताओं के बल पर अंतरिक्ष में



अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर योजनाएं बनाई है जिनमें गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना, चंद्रयान-4, मंगलयान-2, शुक्रयान मिशन आदि उल्लेखनीय महत्वाकांक्षी मिशन शामिल हैं।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन है। इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसके अंतर्गत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2028 तक अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन की कामयाबी से भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में मजबूती मिलेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि होगी। इसरो की 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग, पृथ्वी की निगरानी और गहन अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देना है जिससे भारत की अंतरिक्ष में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत दूसरे देशों को अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। साथ ही भारत तकनीकी मामलों में आत्मनिर्भर होगा। 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बनकर एक नया इतिहास रचने में सफल हुआ है। इस सफलता से उत्साहित होकर इसरो ने चंद्रयान-4 की तैयारी प्रारंभ कर दी है जो चंद्रमा की सतह पर और अधिक गहन अध्ययन करेगा और इसमें उन्नत रोवर और प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा जिससे भारत की चंद्रमा पर उपस्थित मजबूत होगी क्योंकि भारत का लक्ष्य चंद्रमा पर अपने यात्री को उतार कर तिरंगा फहराना है।

भारत ने 2014 में मंगलयान को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कराकर मंगल ग्रह के वातावरण,सतह और जलवायु का महत्वपूर्ण डाटा एकत्र किया है। इस सफलता के बाद इसरो ने मंगलयान-2 मिशन की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इस मिशन का उद्देश्य मंगल की सतह पर एक लैंडर और रोवर को सफलतापूर्वक उतार कर मंगल ग्रह के बारे में सघन अध्ययन करना है ताकि आने वाले दशकों में मानव मिशन को साकार रूप दिया जा सके। इसके साथ ही 2028 में शुक्रयान मिशन इसरो का शुक्र ग्रह पर पहला मिशन है जिसका उद्देश्य शुक्र ग्रह के वातावरण, भू संरचना और सतह का अध्ययन करना है।

इस मिशन से शुक्र ग्रह के रहस्यों का पर्दाफाश होगा। इन मिशनों की सफलता हेतु इसरो सतत अपनी जोरदार तैयारी और प्रौद्योगिकी विकास में संलग्न है।इस हेतु एक्सिओम मिशन-4 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की 18 दिन की यात्रा के दौरान किए गए वैज्ञानिक प्रयोग और उनके अनुभव भारतीय अंतरिक्ष मिशनों की सफलता में मील के पत्थर सिद्ध होंगे। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा भारत के गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण की भांति है क्योंकि उन्होंने अंतरिक्ष में रहने, काम करने और आपात स्थिति से निपटाने का अनुभव प्राप्त किया है जो गगनयान टीम के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शुभांशु शुक्ला द्वारा इसरो द्वारा डिजाइन किए गए प्रयोग भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अंतरिक्ष की माइक्रो ग्रेविटी में मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती है।

शुभांशु शुक्ला ने बिना गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियां कैसे कमजोर होती हैं और इसे रोकने के उपायों की खोज की क्योंकि अंतरिक्ष यात्रियों को सबसे ज्यादा मांसपेशियों और हड्डियों की कमजोरी से जूझना पड़ता है। साथ ही इससे पृथ्वी पर आस्टोपोरोसिस जैसे रोग की चिकित्सा में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही शुभांशु ने माइक्रो जीव टार्डिग्रेड्स का अध्ययन किया क्योंकि अंतरिक्ष में जिंदा रहने वाले जीवो में टार्डीग्रेड, तिलचट्टा, नेमटोड़ वर्म, ब्राइन श्रिम्प और फूट फ्लाइज शामिल है जो अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों-रेडिएशन, वैक्यूम और न्यूनतम व उच्चतम तापमान में भी जीवित रह सकते हैं। इनमें टार्डीग्रेड सबसे टफ जीवों में एक है जो उबलते पानी, जमने वाली ठंड, रेडिएशन और वैक्यूम में भी जिंदा रह सकते हैं। उन्होंने देखा कि यह अंतरिक्ष में कैसे जीवित रहते हैं जो भविष्य के लंबे मिशन-मंगल मिशन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुतिन साल के आखिर में आएंगे भारत

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने की पुष्टि, यूक्रेन वॉर के बाद होगा पहला दौरा



**डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है**

**6 दिसम्बर 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी**

**मास्को/नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा कि अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मास्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसम्बर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डालर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपये) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वार शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डालर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार है। पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। रूस ने पिछले साल 9 जुलाई को मास्को में पीएम नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' दिया था। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद उन्हें सम्मानित किया। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वार क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के किसी स्थाई सदस्य देश के टाप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।

अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस यूएनएससी के स्थाई सदस्य हैं। इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल जी-20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस साल के आखिर में ब्राजील में होने वाली ळ20 समिट में भी पुतिन संभवत: हिस्सा नहीं लेंगे। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है।



रांची। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज दिखाता हुआ।

## ट्रम्प ने पुतिन से मुलाकात की संभावना जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर उनकी जल्द मुलाकात हो सकती है। जिससे यूक्रेन और रूस के युद्ध का अंत हो सकता है। गौरतलब है कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। क्रेमलिन ने भी इसे उपयोगी बातचीत बताया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कल ओवल ऑफिस में जब उनसे निकट भविष्य में मुलाकात की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई और इस बात की पूरी संभावना है कि हम इस समस्या का अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह डगर लंबी थी और अभी भी लंबी है, लेकिन इस बात की अच्छी संभावना है कि बहुत जल्द एक मुलाकात होगी। ट्रम्प की यह टिप्पणी मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक के बाद आई है-हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई 'सफलता' नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका से बातचीत दोबारा करने पर फैसला नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन दोनों पक्षों में संवाद बना हुआ है। अराघची ने चैनल तेहरान पर एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना अवश्य है कि संपर्क बने हुए हैं। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं।

### म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का निधन

**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया। वह जुलाई 2024 से चिकित्सा अवकाश पर थे।

### यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें फिर से शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने बुधवार देर रात अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। इससे कुछ घंटे पहले कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कंपनी को पूरे देश में उड़ानें रोकनी पड़ी थीं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि आंतरिक प्रौद्योगिकी समस्या का समाधान कर लिया गया है यद्यपि हमें कुछ विलम्ब की आशंका है लेकिन फिर भी हमारी टीम सामान्य परिचालन बहाल करने की दिशा में काम कर रही है।

### ट्रम्प प्रशासन नासा के दो मिशन बंद करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा। न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा कि ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है।

## ब्रह्मोस की ताक देख चौंक गए थे ट्रम्प

**ट्रम्प प्रशासन को मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ने की आशंका थी, वाल स्ट्रीट जर्नल डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में बड़ा दावा**

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर के समय अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर निशाने पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें दागी हैं।

अमेरिका को चिंता थी कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ा, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु हथियार भी लगा सकता है। यह जानकारी वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में ट्रम्प प्रशासन के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ब्रह्मोस मिसाइल को एक ऐसा हथियार माना जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चिंता थी कि अगर हालात बिगड़ते हैं, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ सकता है। साथ ही यह आशंका भी थी कि जवाब में पाकिस्तान भी परमाणु हमला कर सकता है। इसी डर की वजह से ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करने को कहा। भारत ने हमेशा यह स्पष्ट कहा है कि ब्रह्मोस मिसाइल केवल पारंपरिक (नान-न्यूक्लियर) हथियारों से लैस है। इनका संचालन भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट, वायुसेना और नौसेना करते हैं। भारत की जो मिसाइलें परमाणु हथियार ले जा सकती हैं, वे रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) के कंट्रोल में रहती हैं। ब्रह्मोस मिसाइल में 200 से 300 किलो के पारंपरिक विस्फोटक लगाए जा सकते हैं।

## अमेरिकी विशेषज्ञ खुद ट्रम्प से दुखी

### कहा: भारत को उपदेश देने से पहले रूस के साथ अमेरिकी व्यापार पर ध्यान दे राष्ट्रपति ट्रम्प



- **भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक सबसे बड़ा संकट, ट्रम्प के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पर विशेषज्ञों की राय**
- **अमेरिका ने 2024 में तीन अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए**

वाशिंगटन। भारत के खिलाफ अधिक टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर अमेरिकी विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जताई है। रूस के साथ अमेरिकी व्यापार का हवाला देते हुए ट्रम्प को आईना भी दिखाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका जब खुद रूस के साथ व्यापार करता है तो उसे भारत को उपदेश देने से पहले सोचना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक, अमेरिकी मरीन कोर के पूर्व खुफिया अधिकारी व लेखक स्काट रिटर ने भारत पर अधिक टैरिफ लगाने के लिए ट्रम्प पर निशाना साधा है।

सोशल मीडिया पोस्ट में रिटर ने कहा, अमेरिका ने 2024 में 3 अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए। इससे लगभग 600 टी-90 टैंकों की कीमत चुकाई जा सकती है। यह दो रूसी बख्तरबंद डिवीजनों को लैस करने के लिए काफी है। ऐसे में अगली बार जब ट्रम्प भारत को उपदेश दें, तो इस बारे में जरूर सोंचे। एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीटयूट (एएसपीआई) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि वेंडी कटलर ने बढ़ते द्विपक्षीय विवाद पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि अमेरिका-भारत विवाद बढ़ता जा रहा है और अब राष्ट्रपति 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं। इससे अमेरिका को होने वाले ज्यादातर भारतीय निर्यात लगभग बंद हो जाएंगे। कटलर ने एक बयान में कहा कि चीन संभवत: इन घटनाक्रमों का स्वागत कर रहा है। अब वह दिल्ली के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए कुछ कदम उठा सकता है। अब समय आ गया है कि अमेरिकी और भारतीय अधिकारी निजी तौर पर अपने मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करें। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने अपनी राय रखी। उन्होंने इसे पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर विल्सन सेंटर स्थित दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने इसे भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। माइकल कुगेलमैन ने कहा कि हाल के दिनों में अमेरिका और भारत के बीच जिस तरह के संबंध विकसित हुए हैं, उन्हें देखते हुए ट्रम्प का यह फैसला बहुत चौंकाने वाला नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प शुरू से ही टैरिफ लगाने के पक्ष में रहे हैं। भले ही इससे भारत और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचे, फिर भी मुझे हैरानी नहीं है कि उन्होंने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है।

## ट्रम्प के सलाहकार बोले: भारत टैरिफ का महाराजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को 'टैरिफ का महाराजा' करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नान-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा: भारत अमेरिकी डालर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डालर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है।

## बलूचिस्तान में सेना के वाहन पर हमला

### मेजर समेत तीन सैनिक मारे गए, जवाबी हमले में चार आतंकी ढेर



शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया। हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गए।

पाकिस्तानी सेना ने देर रात यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया।

इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की। गौरतलब है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सीमांत प्रांत है और इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगी हुई हैं। यह इलाका अपनी खनिज संपदा और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के लिए एक पारगमन केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के रण रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है लेकिन पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोगों से दोयम दर्जे का व्यवहार होने के कारण वहां अलगाववादी आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। ये लोग एक अलग देश बलूचिस्तान बनाने के लिए प्रयासरत हैं और पाकिस्तान सरकार पूरी ताकत से इस आंदोलन के दमन में जुटी रहती है। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी सशस्त्र विद्रोह भी कर रहे हैं। इसमें प्रमुख समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का है। इस संगठन ने हाल के वर्षों में अपनी गतिविधियां तेज की हैं। गौरतलब है कि इस साल बलूचिस्तान में कई बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। मार्च में बीएलए ने एक यात्री ट्रेन का अपहरण कर लिया था और मई में, खुजदार में एक आत्मघाती बम विस्फोट में स्कूल बस को निशाना बनाया।

## थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक),
CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु),
Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH
MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com


## पाक आर्मी चीफ दोबारा जाएंगे अमेरिका

### दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा, ट्रम्प से मुलाकात संभव



सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकोम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी।

इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था। साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट किया है। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया था। सेंटकोम के पूर्व प्रमुख को पाकिस्तान ने सैन्य सम्मान से नवाजा पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। ट्रम्प ने मुनीर के साथ डिनर डिप्लोमेसी के तहत क्रिप्टो डील को फाइनल की है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17000 करोड़ रुपये के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है।


ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108